*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 08

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम पूरे जोश के साथ है तैयार।





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड भाजपा के बिछड़े नेताओं की वापसी की तैयारी

## ■ रघुवर दास को राजभवन भेजने के बाद ही जुड़ने लगे संपर्क के तार

## ■ 28 को नड्डा के दौरे के साथ शुरू होगा भगवा परिवार का एकीकरण

## ■ 2024 को ध्यान में रख कर भाजपा ने तैयार किया है यह सियासी प्लान

**कहते हैं कि राजनीति में न कुछ स्थायी होता है और न संभावनाएं कभी खत्म होती हैं। यह बात सभी राजनीतिक दलों के साथ हर परिस्थिति में समान रूप से लागू होती है। अब झारखंड प्रदेश भाजपा को ही लें, तो पिछले एक सप्ताह से पार्टी के अंदर बहुत तेजी से गतिविधियों का पहिया घूमने लगा है। रघुवर दास को ओड़िशा के राजभवन में भेजने के फैसले के बाद भाजपा ने झारखंड के अपने पुराने दुर्ग को साधने के लिए दूरगामी रणनीति तैयार की है। इस रणनीति के तहत पार्टी अपने बिछड़े साथियों को दोबारा समेटने और 2014 की स्थिति में लौटने के लिए बेहद सधी हुई चाल चल रही है। एक आदिवासी को प्रदेश अध्यक्ष और अनुसूचित जाति के एक नेता को विधायक दल का नेता बनाये जाने के साथ साधे गये सामाजिक संतुलन के बाद अब पार्टी अपने कुनबे को बड़ा बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। रघुवर दास की कार्यशैली से नाराज होकर जो लोग पार्टी छोड़ कर चले गये थे, उन्हें फिर से जोड़ने की कवायद तो चल ही रही है, उन नेताओं पर भी खासा ध्यान दिया जा रहा है, जो पहले कभी भाजपा में थे। इस क्रम में एक पूर्व मुख्यमंत्री, एक सांसद, दो विधायक और एक पूर्व विधायक से पार्टी लगातार संपर्क में है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के 28 अक्टूबर को होनेवाली रांची यात्रा के दौरान पुनर्मिलन के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जायेगा। झारखंड भाजपा की इसी रणनीति के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

पिछले एक सप्ताह से भारत का बहुसंख्यक समाज जहां दुर्गापूजा और दशहरा के धार्मिक उत्सव में व्यस्त था, देश के सियासी हलकों में पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों की गतिविधियां तेज होने के साथ झारखंड भाजपा के अंदर भी गतिविधियों का पहिया बड़ी तेजी से घूम रहा था। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किये जाने की घोषणा के बाद से झारखंड भाजपा के भीतर गतिविधियों के पहिये का तेजी से घूमने को अप्रत्याशित या अचानक नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि इसकी जरूरत पार्टी के भीतर बहुत पहले से महसूस की जा रही थी। रघुवर दास के दौर में झारखंड भाजपा को सियासी लाभ भले मिला हो, लेकिन इससे नुकसान भी बड़ा उठाना पड़ा था। इसमें सबसे बड़ा नुकसान यह था कि कभी भाजपा का मजबूत किला रहे झारखंड की सत्ता पार्टी की मुट्ठियों से रेत की तरह फिसल गयी थी। खुद रघुवर दास भी चुनाव हार गये। लेकिन चुनावी हार के साथ भाजपा को जो गहरी चोट लगी, वह थी कई नेताओं के अलग राह पकड़ने की। चाहे सरयू राय हों या अमित यादव, मलखान सिंह, ये तमाम नेता एक-एक कर भाजपा से अलग होते गये। सबसे आश्चर्यजनक यह था कि इन सभी की विदाई के पीछे कहीं न कहीं रघुवर दास ही कारण बने थे।

यों तो जबसे बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की कमान मिली है, तभी से वह भाजपा के पुराने कुनबे को जोड़ने के प्रयास में लग गये थे। कई अवसरों पर उन्होंने इन नेताओं से बात भी की थी, लेकिन इनमें से कुछ नेता ऐसे थे, जो रघुवर दास के कारण भाजपा में आने से कतरा रहे थे। अब जबकि रघुवर दास सक्रिय राजनीति से अलग कर दिये गये हैं, भाजपा अपने बिखरे कुनबे को एकजुट करने की कोशिश में जुट गयी है। इसलिए पार्टी ने एक दूरगामी रणनीति तैयार की है, जिससे झारखंड में भाजपा का कुनबा बढ़ सकता है। बताया जा रहा है कि जल्द ही कई कद्दावर नेताओं की पार्टी में वापसी होगी। इसके लिए शीर्ष नेतृत्व की हरी झंडी का इंतजार किया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 अक्टूबर को रांची आ रहे हैं। चर्चा है कि उस दौरान ही इस रणनीति पर अमल का पहला कदम उठाया जायेगा। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाये जाने के बाद झारखंड भाजपा के अंदर समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।



### सरयू राय की वापसी की प्रबल संभावना

जिन नेताओं की भाजपा में वापसी की संभावना जतायी जा रही है, उनमें पहला नाम रघुवर दास को जमशेदपुर पूर्वी से हरानेवाले निर्दलीय विधायक सरयू राय का है। 2019 के विधानसभा चुनाव में रघुवर दास की जिद से टिकट नहीं मिलने के कारण भाजपा से नाता तोड़ने वाले सरयू राय की पार्टी में वापसी के बारे में चर्चा जोरों पर है। सरयू राय पूर्व से ही कहते रहे हैं कि उनका विरोध सिर्फ एक धड़ा कर रहा था। रघुवर दास से उनका विरोध जगजाहिर रहा है। इस विरोधी धड़े के हाशिये पर जाने के बाद अब सरयू राय के सामने शायद कोई दुविधा नहीं बची होगी।

### निर्दलीय विधायक अमित यादव की वापसी तय

भाजपा में घर वापसी की सूची में दूसरा नाम बरकट्ठा के विधायक अमित यादव का है। वह शुरू से ही पार्टी के प्रति समर्पित रहे थे, लेकिन 2019 के चुनाव में उन्हें भाजपा ने टिकट नहीं दिया था, क्योंकि रघुवर दास ऐसा नहीं चाहते थे। अमित यादव की जगह रघुवर दास ने जानकी यादव को टिकट देना बेहतर समझा। बता दें कि जानकी यादव झारखंड विकास मोर्चा छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए थे। अमित यादव ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत कर विधानसभा पहुंचे। अब रघुवर दास किनारे हो गये हैं, तो अमित यादव की भाजपा में वापसी के रास्ते में कोई रुकावट नहीं है। इससे पहले अमित यादव हर मौके पर भाजपा का साथ देते रहे हैं। राज्यसभा चुनाव में भी उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। उन्होंने कभी भी भाजपा नेतृत्व के खिलाफ कुछ नहीं बोला।

### विधानसभा के भीतर ताकत बढ़ेगी

सरयू राय और अमित यादव अगर भाजपा में वापस आ गये, तो विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या बढ़ जायेगी। भाजपा के विधायकों की संख्या 27 हो जायेगी। इस बदलाव से कोई राजनीतिक उलटफेर तो नहीं होगा, लेकिन भाजपा का मनोबल बढ़ेगा। सत्ता से बाहर चल रही भाजपा का उत्साह भी बढ़ेगा।

सरयू राय साथ आये, तो सरकार की घेराबंदी में भी वह प्रभावी साबित होंगे। अभी हाल में सरयू राय ने एक ट्वीट भी किया था, जिसमें उन्होंने कहा है कि हेमंत सोरेन से झारखंड के युवाओं को बड़ी आशा था, लेकिन उन्होंने उन्हें निराश किया है। शुरू में सरयू राय ने हेमंत सोरेन सरकार की काफी प्रशंसा की थी, लेकिन समय बीतने के साथ ही उनकी इस सरकार से दूरी भी जगजाहिर हो गयी। राज्यसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा का साथ दिया था।

### कोड़ा दंपति की वापसी की भी चर्चा

विधानसभा के पिछले विधानसभा चुनाव में कोल्हान क्षेत्र से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था। इस प्रमंडल की एक संसदीय सीट चाइबासा पर कांग्रेस की तरफ से गीता कोड़ा ने कब्जा किया था। कोड़ा दंपति की नाराजगी के कारण चाइबासा की किसी विधानसभा सीट से भाजपा को सफलता नहीं मिली। उनके पति और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कभी भाजपा में हुआ करते थे। लेकिन तत्कालीन संगठन महामंत्री हृदयनाथ सिंह से अनबन के कारण उस समय मधु कोड़ा का टिकट काट दिया गया था, जिसके बाद वह निर्दलीय मैदान में उतरे और विधायक बनने के बाद मुख्यमंत्री तक बन गये। उन्होंने 2014 में भी अपनी पत्नी के साथ भाजपा का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उस समय न तो रघुवर दास मधु कोड़ा को चाहते थे और न ही अर्जुन मुंडा। लिहाजा बात नहीं बनी। 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले भी मधु कोड़ा भाजपा में लौटना चाहते थे, लेकिन रघुवर दास और अर्जुन मुंडा के प्रभाव के कारण वह नहीं आ पाये थे। रघुवर दास हर हाल में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को टिकट दिलाना चाहते थे। वह सफल भी हुए। इस मौके का लाभ कांग्रेस ने उठाया और उसने 2019 के संसदीय चुनाव में गीता कोड़ा को चाइबासा से टिकट दे दिया। यही नहीं, चाइबासा के कम से कम तीन विधानसभा क्षेत्रों पर कोड़ा दंपति का आज भी खासा प्रभाव है। इस कारण भाजपा को विधानसभा चुनाव में भी कहीं सफलता नहीं मिली। सरयू राय, मधु कोड़ा और मलखान सिंह के कारण भाजपा का विधानसभा चुनाव में कोल्हान से सुपड़ा साफ हो गया। मधु कोड़ा ने अपना राजनीतिक सफर भाजपा से ही आरंभ किया था। बाद में वह तत्कालीन अर्जुन मुंडा सरकार का तख्ता पलट कर चर्चा में आये। बतौर निर्दलीय विधायक, उन्होंने कांग्रेस और झामुमो के सहयोग से लगभग दो वर्ष तक सरकार चलायी थी। बाद में वे भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों में जेल में भी रहे। उनके खिलाफ जांच चल रही है। कोड़ा दंपति की उपेक्षा के पीछे भी रघुवर दास का हाथ बताया जाता है, जिनकी पसंद के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा खुद चुनाव लड़ने के लिए उतावले थे। तब गीता कोड़ा ने अपने प्रभाव के बल पर गिलुवा को हरा दिया था। चूंकि अब रघुवर दास राजभवन चले गये हैं, कोड़ा दंपति फिर से भाजपा में आ जायें, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

### मलखान सिंह की भी हो सकती है वापसी

आगामी चुनाव में भी ऐसे दिग्गज नेताओं की वापसी का भाजपा को लाभ मिलेगा, जो रघुवर दास या अर्जुन मुंडा से अदावत के कारण पार्टी से दूर थे। इनमें इचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह का नाम भी शामिल है। मलखान सिंह को बाबूलाल मरांडी का नजदीकी माना जाता रहा है। अर्जुन मुंडा के कारण वह पार्टी से छिटक गये थे। उनकी वापसी की संभावना बढ़ गयी है। यहां एक बात और उल्लेखनीय है कि झारखंड के वैश्य मतदाताओं और नेताओं पर रघुवर दास की पकड़ मजबूत रही है। जैसे ही रघुवर दास विधानसभा में चुनाव हारे और प्रदेश की कमान दूसरे के हाथ में आयी, उनके नजदीकी तीन नेता भाजपा से दूर चले गये। उनमें पहला नाम सुनील साहू का है, जो एक समय झारखंड विकास मोर्चा में थे, लेकिन रघुवर दास उन्हें पार्टी में ले आये। पार्टी पर रघुवर दास की पकड़ ढीली होते ही सुनील साहू अलग हो गये। उनके साथ ही रांची के धनीराम साहू भी भाजपा से अलग हो गये। इन लोगों ने पार्टी क्यों छोड़ी, यह आज तक रहस्य बना हुआ है। मौजूदा प्रदेश नेतृत्व उन तमाम नेताओं को फिर से पार्टी में लाने के लिए रणनीति बना रहा है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# राजस्थान के सीएम के बेटे वैभव को इडी का समन

### पेपर लीक मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के घर छापेमारी, कांग्रेस का हमला



राजस्थान में हुए पेपर लीक के मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गुरुवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के घर छापेमारी की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को भी इडी ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट केस में समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी फिलहाल डोटासरा और उनके रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के ठिकानों पर इडी के छापों को लेकर भाजपा और कांग्रेस नेता आमने-सामने हो गये हैं। डोटासरा के घर छापों और बेटे वैभव को समन के बाद सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सीएम गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। ये लोग टिड्डी दल की तरह इडी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मामूली बात नहीं है। डोटासरा और वैभव गहलोत के खिलाफ कोई केस नहीं है। बिना केस के छापे नहीं मारे जाते। वैभव गहलोत को समन के बारे में गहलोत ने कहा कि मैं करीब पांच-दस साल से सुन रहा हूं कि उसके खिलाफ शिकायत की गयी है। अब इडी का समन आया कि 26 अक्टूबर को हाजिर हो जाओ। हम इन लोगों से डरनेवाले नहीं हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस कार्रवाई से पेपर लीक से पीड़ित युवाओं के मन में न्याय मिलने की उम्मीद जागी है।

# मिजोरम में 112 उम्मीदवार करोड़पति, आप नेता एंड्रयू ललरेमकिमा सबसे अमीर



मणिपुर विधानसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे 174 उम्मीदवारों में से 112 उम्मीदवार करोड़पति हैं और इनमें से आम आदमी पार्टी (आप) की राज्य इकाई के अध्यक्ष एंड्रयू ललरेमकिमा पाचुआउ करीब 69 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं। उपलब्ध उम्मीदवारों के हलफनामों के मुताबिक, 64.4 प्रतिशत उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति घोषित की है। एंड्रयू 68.93 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं। वह आइजोल उत्तर-तृतीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। सर्वाधिक घोषित संपत्ति के मामले में कांग्रेस के आर वनललत्लुआंगा (सेरछिप सीट) दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 55.6 करोड़ रुपये की संपत्ति की घोषणा की है, जबकि जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के एच गिन्जालाला (चम्फाई नॉर्थ) 36.9 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

हलफनामों के अनुसार, उनकी आय का स्रोत कारोबार है। सेरछिप सीट से निर्दलीय उम्मीदवार रामह्लुन-एडेना के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास 1,500 रुपये की चल संपत्ति है।

### रुआलछिंगा ने गलती से बतायी 90 करोड़ प्रॉपर्टी

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किये गये अपने हलफनामे में, लौंगतलाई पश्चिम से भाजपा उम्मीदवार जे बी रुआलछिंगा ने गलती से अपनी संपत्ति 90.32 करोड़ रुपये घोषित कर दी है। पार्टी ने निर्वाचन विभाग से इसमें सुधार करने का अनुरोध किया है। इससे पहले, 2018 के विधानसभा चुनावों में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के उम्मीदवार ललरिनेंगा सेलो (हाचेक) 100 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवार थे। इसके बाद एमएनएफ के रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे (आइजोल पूर्व-द्वितीय) 44 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर थे।

### सेलो की घटी संपत्ति

इस बार सेलो की संपत्ति घट कर 26.24 करोड़ रुपये और रॉयटे की 32.24 करोड़ रुपये रह गयी है। चुनावी मैदान में उतरीं 16 महिला उम्मीदवारों में से कांग्रेस उम्मीदवार मरियम एल. ह्रांगचल (लुंगलेई दक्षिण) 18.63 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं।

एमएनएफ अध्यक्ष और मुख्यमंत्री जोरमथांगा पांच करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पांच प्रतिस्पर्धी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों में सबसे अमीर हैं। जेडपीएम के तीन और एमएनएफ एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से एक-एक उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं, जबकि 2018 के चुनावों में जोरमथांगा और पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला सहित नौ उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित थे।

तुइचांग सीट से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे उपमुख्यमंत्री तावंलुइया सबसे अधिक आयु के उम्मीदवार हैं। वह 80 वर्ष के हैं, जबकि महिला उम्मीदवार ललरुआतफेली ह्लावंडो और भाजपा उम्मीदवार एफ वनमिंगथांगा सबसे कम उम्र के उम्मीदवार हैं। उनकी आयु 31 वर्ष है।

# गधे पर सवार होकर नामांकन फॉर्म जमा करने पहुंचा प्रत्याशी

### सभी पार्टियां जनता को गधा बना रही इसलिए गधा से आया हूं : प्रियंक सिंह



विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरना शुरू कर दिया है। कोई कार से तो कोई बैलगाड़ी से नामांकन भरने जा रहा है। ऐसा ही अजब नजारा बुरहानपुर में देखने को मिला, जहां एक निर्दलीय प्रत्याशी गधे पर सवार होकर अपना नामांकन फॉर्म जमा करने पहुंचा। दरअसल, बुरहानपुर से ठाकुर प्रियंक सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वह गुरुवार को अपना नामांकन फॉर्म जमा करने के लिए गधे पर बैठ कर रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनके समर्थक भी मौजूद थे। गधे पर सवार होकर नामांकन फॉर्म जमा करना पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। गधे पर सवार होकर उन्होंने रैली भी निकाली। इस दौरान जिसने भी उन्हें गधे पर सवार देखा, सब हैरान थे।

### पार्टियां जनता को गधा बना रही

वहीं, जब उनसे गधे पर सवार होकर नामांकन फॉर्म जमा करने जाने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल परिवारवाद का शिकार हैं। सभी पार्टियां जनता को गधा बना रही हैं। इसलिए उन्होंने गधे पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने का निर्णय लिया था।

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

27 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 08

37वें नेशनल गेम्स का उद्‍घाटन समारोह, पीएम मोदी, आइओए अध्यक्ष पीटी उषा ने दर्शकों को संबोधित किया



### वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता-2023 का पहला मुकाबला जापान-मलेशिया के बीच

# रांची में हॉकी का महाकुंभ आज से

- दोनों टीमों ने गुरुवार को मैदान में बहाया पसीना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लिए उत्साह का समय है। राज्य को वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्राफी-2023 की मेजबानी का मौका मिला है। इस चैंपियनशिप का आगाज आज हो रहा है। पहला मैच जापान और मलेशिया के बीच शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। दोनों टीमों ने गुरुवार को मैदान में जम कर पसीना बहाया। वहीं, भारत का पहला मुकाबला थाइलैंड के साथ रात 8.30 बजे से होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में खेल विभाग ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। अधिकारीगण 24 घंटे आयोजन को सफल बानने में जुटे हुए हैं।

चैंपियनशिप की डिफेंडिंग चैंपियन जापान की टीम शुक्रवार को एक चैंपियन की तरह मैदान पर उतरेगी। जापान के सामने अपना कप बचाने की बड़ी चुनौती होगी।

## भारत और थाइलैंड के साथ रात 8.30 बजे मुकाबला




पिछले महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप की विजेता रही जापान की टीम एक अनुशासन और कड़ी मेहनत वाली टीम के रूप में जानी जाती है। भारतीय टीम भी पूरी तरह तैयार है। एशियाड में स्वर्ण से चूकने का कसर यहां निकालने के लिए टीम पूरी तरह तैयार है। सभी छह टीमें राउंड रॉबिन लीग चरण में एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने अपनी पूरी मजबूत टीम चुनी है। एशियाई खेलों में टीम का हिस्सा रही अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू चोट के कारण टीम से बाहर हैं। उनकी जगह बलजीत कौर को शामिल किया गया है। वैष्णवी फाल्के और शर्मिला देवी भी बैकअप के तौर पर टीम के साथ होंगी। थाइलैंड के बाद भारत को 28 अक्टूबर को मलेशिया से, 30 अक्टूबर को चीन से, 31 अक्टूबर को जापान और 2 नवंबर को कोरिया से खेलना है। सेमीफाइनल 4 नवंबर को और फाइनल 5 नवंबर को खेला जायेगा।

## हमारा खेल पर है फोकस हर मैच महत्वपूर्णः सविता

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मोरहाबादी स्थित मरंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित होनेवाली झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्राफी-2023 को लेकर गुरुवार को भारतीय टीम की कप्तान, उपकप्तान और कोच ने प्रेस कांफ्रेंस की। भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया और कोच ने प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर मीडिया से जानकारी साझा की। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा कि हम काफी दिनों के बाद भारत में बड़ा टूर्नामेंट खेलने जा रहे हैं, इसे लेकर हमारी टीम काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा कि हम अपने खेल से सभी को प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी अच्छी चल रही है, हमारे लिए हर मैच महत्वपूर्ण और हमारा मैच दर मैच टीम की रणनीति के अनुसार प्रदर्शन करने का प्रयास रहेगा। नेशनल गेम्स के दौरान रांची में हॉकी प्रेमियों के मिले समर्थन को याद कर कप्तान काफी खुश नजर आयीं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हॉकी को सम्मान मिल रहा है। उन्होंनं कहा कि हमारे लिए यह बड़ी बात है कि झारखंड में टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच ने कहा कि हम हर मैच से कुछ न कुछ सीखते हैं। पिछली प्रतियोगिता से भी हमने काफी कुछ सीखा है और इंडिया के लिए इंडिया में खेलना अद्भुत क्षण होता है। उन्होंने कहा कि वह टूर्नामेंट को लेकर तैयारी, मौसम और स्वागत से काफी प्रभावित हैं। उपकप्तान ने कहा कि हम टूर्नामेंट के दौरान अपने प्रदर्शन पर फोकस करेंगे, हम किसी भी टीम को कम नहीं आंक सकते।


# पीएम 15 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करेंगे

- ढाई लाख ग्राम पंचायतें होंगी कवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी स्वाधीनता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर 15 नवंबर को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ करेंगे। यह यात्रा 2500 से अधिक आइइसी वैन के साथ 14 हजार से ज्यादा स्थानों पर ढाई लाख ग्राम पंचायतों और 3700 शहरी स्थानीय निकाय को कवर करेगी। यात्रा आदिवासी इलाकों से शुरू होगी और दो महीने तक चलेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सचिव ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का मकसद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत कहानियों, अनुभवों, नुक्कड़-नाटकों के जरिए केंद्र सरकार की योजनाओं और इसके लाभों के बारे में बताना है। यात्रा के दौरान लोगों को केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के लाभों के बारे में बताने के लिए क्विज का आयोजन भी किया जायेगा। जिन राज्यों में चुनाव आचार संहिता लागू है, वहां यात्रा शुरू करने की कोई योजना नहीं है।



### उलिहातू से पीएम यात्रा की कर सकते हैं शुरुआत

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आयेंगे। वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जायेंगे। खूंटी के उलिहातु गांव में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देंगे। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री इस मौके पर जनजातीय समुदाय के लिए कई योजनाएं भी शुरू करने का एलान कर सकते हैं। प्रधानमंत्री झारखंड दौरे में न सिर्फ झारखंड केंद्रित योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं, बल्कि ओड़िशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ को भी कई सौगात दी जा सकती है।

### पांकी के भाजपा विधायक के बयान पर सियासी हंगामा

# टोपी-दाढ़ीवालों को दौड़ा कर मारेंगेः शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के विवादित बयान पर सियासी हंगामा खड़ा हो गया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैंः अगर टोपी और दाढ़ी वाले, गाय और गोश्त खानेवाले लोग मंदिरों के



आसपास भी दिख गये, तो उसका अंजाम बुरा होगा। उनको दौड़ा-दौड़ा कर मारेंगे। वे धार्मिक स्थल पर दिखाई पड़ गये, तो रिजल्ट कुछ भी हो, हम उसकी परवाह नहीं करते हैं। यह वीडियो शशिभूषण मेहता द्वारा दुर्गापूजा के मौके पर पांकी विधानसभा क्षेत्र में एक विवाह मंडप के शिलान्यास कार्यक्रम का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने समुदाय विशेष को लेकर जम कर आग उगली।


**भाजपा विधायक पर कांग्रेस-झामुमो गरम**

इस बीच सत्ताधारी झामुमो और कांग्रेस ने शशिभूषण मेहता के इस बयान पर जबर्दस्त विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस की झारखंड प्रदेश इकाई ने कहा है कि यह सांप्रदायिक सौहार्द्र को भंग करनेवाला बयान है।

# भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसरों को मौत की सजा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कतर की राजधानी दोहा में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनायी गयी है। इस मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौत की सजा के फैसले से हम गहरे सदमे में हैं और विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहे हैं। हम परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम के संपर्क में हैं। सभी कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। इस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। सेवानिवृत्त होने के बाद ये सभी नौसैनिक कतर की एक निजी कंपनी में काम कर रहे थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.5 °c | 18.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.51 बजे |

# 36 अंचल अधिकारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित और प्रतिस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई है। राज्य सरकार ने 36 अंचल अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है।

इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार विकास आनंद को धनबाद के पुटकी का सीओ के पद पर पद स्थापित किया गया है। मनोज कुमार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) का सीओ, दीपक प्रसाद को सरायकेला खरसावां के इचागढ़ का सीओ , रवि कुमार को धनबाद के टुंडी का सीओ, खगेन महतो को गोड्डा के महगामा का सीओ, अनिल कुमार को चतरा सदर का सीओ, तृप्ति विजया कुजूर को लातेहार के बालूमाथ का सीओ, शशि भूषण सिंह को हजारीबाग के सदर का सीओ बनाया गया है। इसी तरह अनूप कच्छप को सिमडेगा के कोलेबिरा का सीओ, पुष्पक रजक को गोड्डा के पौड़ेयाहाट का सीओ, आलोक वरन केसरी को गोड्डा के ठाकुरगंगटी का सीओ, राजेश डुंगडुंग को गिरिडीह के बेंगाबाद का सीओ, सुनील कुमार गढ़वा के नगर ऊंटरी का सीओ, यामुन रविदास को पलामू के हरिहरगंज का सीओ, रविंद्र कुमार पांडे को कोडरमा के डोमचांच का सीओ, शंभू राम को चतरा के कुंदा का सीओ, संजय पांडे को गिरिडीह के जमुआ का सीओ बनाया गया है। इनके अलावा राकेश भूषण सिंह को गढ़वा के भंडारिया का सीओ, कमल किशोर सिंह को कोडरमा के सदर का सीओ, अमृता कुमारी को पलामू के सतबरवा का सीओ, प्रताप मिंज को रांची के बेड़ो का सीओ, सुनील कुमार को गढ़वा के खरौंदी का सीओ, पंकज कुमार को लोहरदगा के पेशारार का सीओ, मधु श्री मिश्रा को सिमडेगा के जलडेगा का सीओ, राकेश सहाय को चतरा के गिद्धौर का सीओ बनाया गया है।

इसके अलावा धनंजय गुप्ता को पलामू के हुसैनाबाद का सीओ, संतोष कुमार शुक्ला को पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा का सीओ, अशोक कुमार सिन्हा को साहिबगंज के राजमहल का सीओ, विकास कुमार को दुमका के कांठी कुंड का सीओ, सुदीप एक्का को धनबाद के बलियापुर का सीओ, रणवीर कुमार को पलामू के मोहम्मद गंज का सीओ, आफताब आलम को गढ़वा के कांडी का सीओ, केदारनाथ सिंह को गोड्डा के बोआरीजोर का सीओ, कमलेश उरांव को सिमडेगा के ठेठई टांगर का सीओ और समीर कश्यप को सिमडेगा के बांसजोर का सीओ के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# जरियागढ़ में नवमी को माता का जागरण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जरियागढ़।** जरियागढ़ की ऐतिहासिक दशहरा पूजा की शुभ अवसर पर नवमी को माता का जागरण का आयोजन ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाहदेव एवं राजपरिवार की ओर से किया गया। नागपुरी संस्कृतिक गायकी के स्वर्णिम स्तंभ पदम मधु मंसूरी हंसमुख एवं पदमश्री मुकुंद नायक साथी कलाकार जानकी देवी, झारखंड के स्वर कोकिला यशोदा देवी, आरती देवी, सीमा देवी एवं कलाकार सुदामा सिंह, वीर कुंवर सिंह ने वादक ग्रुप सुरेश महतो के सुरमय में वाद्य ताल पर वातावरण को मंत्र मुग्ध बनाया। दोनों पद्मश्री स्वर्गीय ठाकुर शिवेन्द्र नाथ शाहदेव के करीबी मित्र थे और उसी मित्रता की यादगारी मे उनके पुत्र ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाहदेव के आग्रह पर जरियागढ की मिट्टी को अपने स्वर से शुशोभित करने आये ।जरियागढ राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य सह प्रखंड के पुर्व



उपप्रमुख लाल मृगेन्द्र नाथ शाहदेव ने दीप प्रज्वलित कर इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन किया। लाल समरेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल द्विजेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल रणेन्द्र नाथ शाहदेव एवं रमेन्द्र नाथ शाह देव ने शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की उध्घोषणा राजपरिवार की सदस्य कल्याणी शाहदेव ने अपने स्वरचित कविता को सूना कर एवं जरियागढ कि एतेहासिक दशहरा पर्व का वर्णन कर किया।पदमश्री मुकुंद नायक ने अपने सहयोगी कलाकार कुंजवन ग्रुप के द्वारा राग जनाना झुमर पर हजारों कि संख्या को झुमने पर विवस किया। पदमश्री मधुमंसुरी हंसमुख ने अपने देवी स्तुति जयमाता देवी दुर्गु से कार्यक्रम की शुरूआत किया और अपने प्रसिद्ध गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध किये। दोनों पदमश्री ने अपने गानों के माध्यम से गांव, नदी नाला, मायमाटी छोडब नहीं का संदेश दिया। गांव छोडब नहीं, जंगल छोडब नहीं, मायमाटी छोडब नहीं गाने के बोल के साथ कार्यक्रम का अंत किया। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार गुप्ता और जरियागढ़ नवयुवक सेवा संघ के सदस्यों ने किया ।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# मणिपुर हिंसा की जांच करेंगे झारखंड के एक आइपीएस

**सीबीआइ की एसआइटी में किये गये शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मणिपुर हिंसा की जांच के लिए सीबीआइ की एसआइटी में झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी को भी शामिल किया गया है। वर्ष 2015 बैच के आइपीएस सुभाष चंद्र जाट को प्रतिनियुक्ति पर सीबीआइ में भेजा गया है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि आइपीएस अजय कुमार सिंह को मणिपुर हिंसा से संबंधित कांड की जांच के लिए सीबीआई में प्रतिनियुक्ति किया गया था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों




की वजह से अजय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति निरस्त की जाती है और उनके स्थान पर आइपीएस सुभाष चंद्र जाट को सीबीआइ में प्रतिनियुक्त किया जाता है। बता दें कि मणिपुर हिंसा की जांच पर सुप्रीम कोर्ट खुद नजर रखे हुए है।

**3 मई को शुरू हुई थी मणिपुर में हिंसा**

बता दें कि इस साल 3 मई को मणिपुर में पहली बार जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गये थे। वहीं सैकड़ों लोग घायल भी हुए थे। बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किये जाने के दौरान यह हिंसा भड़की थी। मणिपुर की कुल आबादी में मैतेई समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी नगा और कुकी समुदाय के लोगों की संख्या 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

# नामकुम के मोटर गैरेज में हथियार लहरा रहे तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने हथियार के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित सदाबहार चौक का है, जहां हिंद मोटर गैरेज से बुधवार देर शाम पुलिस ने तीन लोगों को पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक रांची पुलिस के वरीय अधिकारी को किसी ने फोटो वीडियो भेजा था। वीडियो में हथियार लहराते दो-तीन युवक दिख रहे थे। सूचना देने वाले ने यह भी बताया कि तीनों किस जगह पर हैं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और फोटो से मिलान कर दो युवकों को पकड़ा। इस दौरान पुलिस को दोनों के पास से पिस्टल और छह से ज्यादा गोली मिली। इसके बाद पुलिस ने



गैरेज संचालक के बेटे शाहबाज अंसारी और खुशी स्वीट्स के संचालक का बेटे मोना घोष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि पिस्टल चाय बागान निवासी दिलीप रजक ने रखने के लिए दिया था। बयान के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दिलीप रजक को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने हिंद मोटर गैरेज संचालक को भी हिरासत में लिया है।

# भाजपा नयी कार्यसमिति के गठन को लेकर सुगबुगाहट शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की झारखंड प्रदेश इकाई में नयी कार्यसमिति के गठन को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। नवंबर के पहले सप्ताह में भाजपा की नयी प्रदेश कार्यसमिति का गठन होने की संभावना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 28 अक्टूबर को संकल्प यात्रा खत्म करने के बाद अपनी नयी टीम की घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक नयी कार्यसमिति में शामिल किये जानेवाले नेताओं की लिस्ट लगभग तैयार है। थोड़ा-बहुत बदलाव के बाद बाबूलाल मरांडी की सहमति के बाद नयी कार्यसमिति की घोषणा हो जायेगी। नयी कार्यसमिति में अधिकांश नये चेहरों को मौका मिलने की संभावना है। कई जिला अध्यक्षों के बदले जाने की भी चर्चा जोरों पर है। भाजपा ने जुलाई महीने में बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है, लेकिन चार महीने बाद भी उन्होंने अपनी नयी टीम की घोषणा नहीं की है। श्री मरांडी पार्टी की कमान संभालने के बाद अगस्त से ही संकल्प यात्रा में निकल गये। उनकी व्यस्तता के कारण नयी कार्यसमिति का गठन नहीं हो पाया है। 28 के बाद वह अपनी यात्रा से फ्री होकर सांगठनिक कार्यों और संगठन को दुरुस्त करने में अपनी ऊर्जा लगायेंगे। इस बीच वह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होनेवाले चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने भी जायेंगे। केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें चुनाव में स्टार प्रचारक बनाया है। फिलहाल भाजपा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की बनायी हुई कार्यसमिति काम कर रही है। जुलाई 2020 में प्रदेश महामंत्री, मंत्री, उपाध्यक्ष, प्रवक्ता समेत अन्य पदों पर करीब 40 पदाधिकारियों के नाम की आधिकारिक घोषणा हुई थी, लेकिन कार्यसमिति सदस्यों की कोई लिस्ट जारी नहीं की गयी थी। दीपक प्रकाश का कार्यकाल खत्म होने के बाद पूर्व की कार्यसमिति अभी तक एक्सटेंशन पर चल रही है। माना जा रहा है कि नयी कार्यसमिति में जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी को तरजीह दी जायेगी। वहीं जेवीएम के विलय के बाद उसके कई नेताओं को जगह नहीं मिलने से उनमें नाराजगी है। इस नाराजगी को भी पाटना एक चुनौती है।

# बाबूलाल ने सीएम हेमंत सोरेन पर हमला बोला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका के हंसडीहा मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर हेमंत सोरेन पर हमला किया है। बाबूलाल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झूठ बोलने की आदत से मजबूर हैं। कहते हैं कि उनके शासन में प्रदेश में मॉब लिंचिंग की एक भी घटना नहीं हुई है, जबकि उनके जिले में ही आदिवासी युवक की सरेराह हत्या कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सिर्फ घोटालों को छिपाने के लिए आदिवासी समाज को ढाल बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस घटना में संलिप्त दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध



करायी जाये। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर को हंसडीहा थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव के पास चरवाहों ने एक आदिवासी छात्र आनंद लाल सोरेन की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वह पोडैय़ाहाट स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में दसवीं का छात्र था। वह फुटबॉल मैच देखकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक से भैंस को ठोकर लग गयी। इतनी छोटी से बात के लिए वहां मौजूद चरवाहों ने छात्र को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला।

# एमपी-छत्तीसगढ़ चुनाव में झामुमो भी करेगा 'इंडी' गठबंधन के लिए प्रचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों का झामुमो भी सहयोग करेगा। इंडी गठबंधन द्वारा जिस सीट पर डिमांड की जायेगी, वहां झामुमो के नेता जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार अभियान में शामिल होंगे। इसकी रणनीति बन रही है। बताया गया कि शुक्रवार को पहले झामुमो की बैठक होगी। फिर सहयोगी दलों के साथ बैठक होगी। इसके बाद तय होगा कि कहां-कहां पार्टी सहयोग करेगी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में 47 आदिवासी आरक्षित विधानसभा सीट है, जहां झामुमो जा सकता है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी 29 आदिवासी आरक्षित विधानसभा सीट है। छत्तीसगढ़ झारखंड का पड़ोसी



राज्य भी है, जिसके कारण वहां झामुमो का संगठन भी है। सूत्रों ने बताया कि इंडी गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मांग भी की जा रही है, जिस पर बैठक में रणनीति बनेगी। इस बाबत पूछे जाने पर झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि जाहिर बात है कि सीएम हेमंत सोरन देश में एक आदिवासी सीएम के रूप में लोकप्रिय नेता हैं। जनता के बीच उनका प्रभाव भी है। इंडी गठबंधन के सहयोगी इसीलिए चाह रहे हैं कि सीएम प्रचार अभियान में शामिल हों। पार्टी डिमांड के अनुरूप कार्यक्रम तय करेगी। सीएम हेमंत सोरेन पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में खासे लोकप्रिय हैं। वहां के लोग भी चाहते हैं कि हेमंत सोरेन यहां आयें। लोगों की भावनाओं को देखते हुए संभव है कि वह कुछ खास जगहों में गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार अभियान में शामिल हो सकते हैं।

# कल कांग्रेस में वापसी करेंगी गीताश्री उरांव



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव एक बार फिर कांग्रेस में शामिल होने जा रही हैं। झारखंड प्रदेश कमेटी द्वारा चलाये जा रहे 'आ अब लौट चलें' अभियान के तहत उनकी यह घर वापसी हो रही है। गीताश्री उरांव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर को वह कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में फिर कांग्रेस का दामन थामेंगी। घर वापसी का यह कार्यक्रम इटकी रोड स्थित मेजर कोठी के समीप आगमन बैंक्वेट हॉल में दोपहर तीन बजे आयोजित होगा। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहेंगे। मालूम हो कि गीताश्री उरांव ने हाल के दिनों में व्यक्तिगत कारणों से कांग्रेस से किनारा कर लिया था।

# रात के अंधेरे में बदमाशों ने घर में लगायी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोइलकेरा।** गोइलकेरा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित कदमडीहा पंचायत के नरसंडा गांव में कुछ अज्ञात लोगों ने प्रधान संजय बोयपाई के घर में आग लगा दी, जिससे घर समेत बाइक और साइकिल जल गयी।

**आग में जल कर राख हुआ घर सहित बाकी सामान :** जानकारी के अनुसार, गोइलकेरा थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव में मंगलवार की रात संजय बोयपाई अपने परिजनों के साथ सो रहा था। रात लगभग दो बजे घर के बाहर बरामदे में रखी होंडा साइन मोटरसाइकिल धू-धूकर जलने लगी। परिजन अभी कुछ समझ सके कि आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे घर भी आग की चपेट में आ गया। इसके चलते आधा से अधिक घर, बाइक और साइकिल जल कर स्वाहा हो गया।

# सरकारी स्कूलों की कक्षा एक से आठ तक की बदलेगी किताबें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों की क्लास एक से आठ की किताबें अगले साल से बदल जायेंगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बच्चों को नयी किताबें मिलेंगी। नयी किताबों में कई बदलाव किये जा रहे हैं। कई नये चैप्टर भी जोड़े जायेंगे। एनसीइआरटी की अंग्रेजी में छपी किताबों (अंग्रेजी को छोड़ कर) का हिंदी में अनुवाद करके बच्चों तक पहुंचाया जायेगा, ताकि बच्चे हिंदी में पढ़ाई कर आसानी से विषय के बारे में समझ विकसित कर सकें।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने



बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीइआरटी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम निर्माण और किताबों के अनुवाद का काम शुरू हो गया है।

क्लास एक से आठ तक की किताबों का डिजाइन और निर्माण जेसीआइआरटी के द्वारा कराया जाता है। हर साल एक से आठ तक की 42 किताबें प्रकाशित की जाती हैं। इन सभी किताबों में इस बार कुछ न कुछ संशोधन किया जायेगा। जेसीआइआरटी नये सत्र (2024-25) के लिए छपनेवाली किताबों की प्रिंटिंग और पेपर की गुणवत्ता में भी सुधार करेगा।

नए सत्र से आने वाली किताबों में जोड़े जाने वाले नये चैप्टरों से छात्रों को कई नई जानकारी मिलेगी। बच्चों को स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा और कृषि जैसे कई क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। साथ ही किताबों में पहले से हाथ से बनाई गई पेंटिंग वाले चित्रों को हटाकर डिजिटल इलस्ट्रेशन से बने चित्रों को लगाया जाएगा।

**नई किताबों में जोड़े जाएंगे ये नये चैप्टर**

- झारखंड का इतिहास
- झारखंड की कला-संस्कृति
- हेल्थ और वेलनेस
- सड़क सुरक्षा
- जल संरक्षण
- ऊर्जा संरक्षण
- कृषि
- लैंगिक समानता

# सीबीआइ से रिटायर इंस्पेक्टर की एसीबी में होगी नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीआइ और भ्रष्टाचार निरोधक इकाई में कार्य कर चुके सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर की एसीबी झारखंड में नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति संविदा के आधार पर होगी। इसे लेकर एसीबी ने विज्ञापन भी जारी किया है। जारी विज्ञापन के मुताबिक सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर की संविदा के आधार पर एसीबी में पैरवी पदाधिकारी के कुल छह पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

**आवेदक की आयु सीमा 64 साल से कम होनी चाहिए**




एसीबी की ओर से जारी विज्ञापन में कहा गया है कि आवेदक की उम्र सीमा 64 साल से कम होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र एसीबी मुख्यालय रांची के अलावा एसीबी के प्रमंडलीय कार्यालय जमशेदपुर, हजारीबाग, पलामू, धनबाद और दुमका में भी जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों तक होगी। इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023

# अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, स्टेडियम में कई चीजें रहेंगी प्रतिबंधित, दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एशियाइ महिला हॉकी चैंपियनशिप की शुरुआत शाम 4.30 बजे से होगी। आयोजन को सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। विकास आयुक्त अरूण कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को तैयारियों का जायजा लिया। उधर, सुरक्षा के लेकर पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। सुरक्षा में तैनात जवानों की अधिकारियों ने ब्रीफिंग की। साथ ही साथ पूरे स्टेडियम में सुरक्षा इंतजामों का जायजा भी लिया। स्टेडियम के भीतर कुछ चीजों को ले जाने पर प्रतिंबध लगाया गया है। वीवीआइपी हो या बॉडीगार्ड्स कोई भी अपने हथियार स्टेडियम के




अंदर लेकर नहीं जा पायेगा। ब्रीफिंग के दौरान विशेष तौर पर पुलिसकर्मियों को इस बात की हिदायत दी गयी। रांची डीआइजी अनूप बिरथरे ने बताया की ब्रीफिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को उन्हें किस तरह से अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच में ड्यूटी का निर्वहन करना है इसकी जानकारी दी गयी। ड्यूटी की जानकारी के साथ-साथ सभी पुलिसकर्मियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वह किसी भी दर्शक के साथ खराब व्यवहार ना करें। वीआइपी और आम लोगों के प्रवेश के लिए अलग-अलग गेट बनाये गये हैं। उन गेट पर अलर्ट मोड में रहना है और बिना चेक किये किसी को भी स्टेडियम के भीतर नहीं जाने देना है। डीआइजी ने बताया कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय मानक के मैच में स्टेडियम के भीतर किसी भी तरह का हथियार प्रतिबंधित रहते हैं। ऐसे में कोई भी बॉडीगार्ड अपने हथियार लेकर स्टेडियम के भीतर न जाये। स्टेडियम के अंदर बोतल या फिर उसी दूसरे तरह की ठोस वस्तुएं भी ले जाने की मनाही है। पुलिस ब्रीफिंग के बाद रांची डीआईजी, डीसी, एसपी और सुरक्षा में तैनात तमाम वरीय अधिकारियों ने पूरे स्टेडियम का जायजा लिया।

पुलिस मुख्यालय की ओर से 12 नये स्कॉर्पियो वाहन रांची पुलिस को दिया गया है। गुरुवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कांके रोड स्थित नवीन पुलिस केंद्र में फीता काट कर वाहनों का उद्घाटन किया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने इस दौरान हरा झंडा दिखाया। महिला हॉकी खिलाड़ी चाहे स्टेडियम जायें या फिर शहर में कहीं घूमने के लिए, इन्हीं वाहनों में बैठ कर पुलिसवाले उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगे।

## 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक यातायात की व्यवस्था बदली

**-दर्शकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एशियाइ महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 27.10.2023 से 05.11.2023 तक होगा। इस दौरान सुगमता के लिए यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की गयी है।

### यातायात व्यवस्था

- उपायुक्त आवास मोड़ से सांसद शिबू सोरेन आवास होकर मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम तक सिर्फ टीम बसें / मीडियाकर्मी और पासधारी वाहन प्रवेश कर सकेंगे, सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया।
- मोरहाबादी बापू वाटिका के तरफ से सिर्फ पासधारी वाहन ही वीवीआइपी /मीडिया/ वेस्ट स्टैंड 1 और 2 फ्लोर के पार्किंग में प्रवेश कर सकेंगे। सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

### पार्किंग व्यवस्था

- टीम बस / हॉकी इंडिया एवं अति महत्वपूर्ण वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी टीओपी परिसर के अंदर बने पार्किंग स्थल में होगी।
- लाल पासयुक्त वाहन (वीवीआइपी वाहन पास) मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के पीछे वाहन पार्क कर सकेंगे।
- वेस्ट स्टैंड 1 फ्लोर और 2 फ्लोर के दर्शक तथा मीडियाकर्मी जिन्हें क्रमशः नारंगी /नीला/हरा वाहन पास वाले अपने वाहन मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के आगे / पीछे निर्धारित क्षेत्र में वाहन पार्क करेंगे।
- गेट नम्बर-03 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के दक्षिण में कर सकेंगे।
- गेट नम्बर-04 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग करमटोली धुमकुड़िया परिसर / आइएमए परिसर / शिबू सोरेन आवास के बगल मार्ग में कर सकेंगे।

## समाजसेवी सोमेन दत्ता ने सहयोगियों के साथ भारतीय जनतंत्र मोर्चा का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के समाजसेवी सोमेन दत्ता अपने सहयोगियों के साथ भारतीय जनतंत्र मोर्चा का दामन थामा। गुरुवार को रांची के डोरंडा स्थित विधायक सरयू राय के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, धर्मेंद्र तिवारी ने सभी नये सदस्यों को अंगवस्त्र देकर उनका पार्टी में स्वागत किया। तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संपर्क, समस्या और समाधान के तहत कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पार्टी के मूलभूत उद्देश्यों से सभी को परिचित कराते हुए पार्टी को मजबूत और विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। भाजमो के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक, सरयू राय ने नये सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए सभी को बधाई दिया और साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी अबतक स्थानीय नीति नहीं बन पायी है। नौजवान आज भी बेरोजगार है और दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। छात्रों और अभ्यर्थियों की उम्र सीमा पार हो जा रहा है। सरकारी विभागों में रिक्तियों की भरमार है। इस अवसर पर सौमेन दत्ता ने भारतीय जनतंत्र मोर्चा के उदेष्यों और विचारों से प्रभावित हो कर सरयू राय के मार्गदर्शन में कार्य करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजमो उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने सभी को भ्रष्टाचार, महंगाई पर कार्य करने का आह्वान किया। दामन थामने वालों में मुख्य रूप से यशराज गुप्ता, मनोज, बजरंगी साव, नदीम, असरार, सुरभि सिंह, अर्चना, सद्दाम हुसैन, मणिकांत, सनातन मिश्रा, कृष्णा, सिद्धांत सैनी, सौरभ, रंजन, संतोष सोनी, सन्नी, अर्जुन पंडित, विनय, आयुष मालाकार, गगनदीप राय, अख्तरी रेहाना खातून, रिक्की, अफरीदी, साइमन, अदनान सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## चुनाव तैयारी में जुट जायें झामुमो के कार्यकर्ता: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन मिशन 2024 को लेकर एक्शन मोड में आ गये हैं। उन्होंने राज्य भर के जिला और प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों को रांची तलब किया। गुरुवार को रांची के सोहराई भवन में बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने इस बैठक में चार साल बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनने, जोश-खरोश देखने के साथ ही उनका नब्ज टटोलने का काम किया। 16 नवंबर से फिर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू हो रहा है। इसमें भी पार्टी-संगठन के लोगों को जुटने की जरूरत है।



**झारखंड में झामुमो बड़ा भाई, सीट बंटवारे के लिए हेमंत अधिकृत:** विनोद पांडेय ने बताया कि यह सभी जानते हैं कि गत चुनाव में झारखंड की राजनीतिक परिस्थिति बदल चुकी है। गठबंधन में शामिल सभी दल जानते हैं कि झामुमो यहां पर बड़े भाई की भूमिका में है। हमारे कार्यकारी अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन कोर संयोजक कमेटी के सदस्य भी हैं। जब इंडिया गठबंधन की बैठक होगी, तो हेमंत सोरेन अपनी बात रखेंगे, इसके लिए वे अधिकृत किए जा चुके हैं। वे जो भी निर्णय करेंगे, पार्टी-संगठन के लिए वह मान्य होगा।

**गठबंधन की मांग हुई तो सीएम जायेंगे चुनाव प्रचार में:** विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो और हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन के महत्वपूर्ण अंग हैं। अभी पांच राज्यों में चुनाव होने हैं। जिसमें कई आदिवासी बहुल सीटें हैं। झामुमो ने वहां प्रत्याशी तो नहीं दिया है, लेकिन गठबंधन की ओर से मांग हुई, तो निश्चित रूप से हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार में जायेंगे। अभी तक इसकी मांग गठबंधन की ओर से नहीं आयी है।

**चुनाव और संगठन के मद्देनजर कई कार्यक्रम तय:** बैठक के बाद पार्टी ब्रीफिंग में महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि आज की बैठक इसलिए महत्वपूर्ण रही, क्योंकि इसमें खुद पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शामिल हुए।

**जिलाअध्यक्षों ने की शिकायत, सीएम ने दिया निर्देश:** बैठक में कई जिलाध्यक्षों और प्रखंड पदाधिकारियों ने सीएम के समक्ष यह बातें उठायी कि हमारी सरकार यहां चल रही है। कई योजनाएं चल रही हैं, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। मगर इसे लागू करवाने में अफसर मदद नहीं करते हैं, नहीं सुनते हैं। पार्टी पदाधिकारियों की शिकायतों पर सीएम ने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। यह सरकार जनता ने बनायी है। अफसरों को सहयोग करना होगा और काम करना होगा।

## लोकसभा चुनाव में नये वोटर बनाने के लिए 5 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने स्तर से तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है। इस क्रम में उसकी नजर ऐसे वोटरों पर विशेष तौर पर है, जो 18 वर्ष या इससे ऊपर के हैं और वोटर कार्ड उनका नहीं बन सका है। इसके लिए विशेष अभियान दिवस चलाया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (झारखंड) के रवि कुमार ने इस संबंध में गुरुवार को निर्वाचन सदन में इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बताया कि निर्वाचन आयोग (भारत, नयी दिल्ली) द्वारा 01 जनवरी, 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इस आधार पर राज्य में 27 अक्टूबर को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा और आपत्ति संबंधी आवेदन दिये जा सकेंगे। 28, 29 अक्टूबर के अलावा 4 और 5 नवंबर को विशेष अभियान दिवस चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बीएलओ अपने बूथों पर रहेंगे और वोटर आइडी बनाने और दूसरे कार्यों में सहयोग देंगे। सारी प्रक्रियाओं के बाद अंततः 5 जनवरी, 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसी आधार पर वोटर लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। के रवि कुमार ने बताया कि स्वच्छ, समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने को 28 नवंबर से समावेशी सप्ताह मनाया जायेगा। ट्रांसजेंडर, आदिम जनजाति ग्रुप, सेक्स वर्कर्स, 80 वर्ष से अधिक आयु के सीनियर सिटीजन, आश्रयविहीन लोग और आश्रयगृहों में निवास करने वाले लोगों का वोटर कार्ड बनाने का प्रयास विशेष तौर पर होगा। 30 नवंबर और 01 दिसंबर को 80 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के लोगों, दिव्यांगजनों का मतदाता सूची में मार्किंग के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। 2 दिसंबर को सभी ट्रांसजेंडर, सेक्स वर्कर्स वगैरह के लिए अभियान होगा। 3 दिसंबर को दिव्यांगजनों के पंजीकरण के लिए आवश्यक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस आधार पर 95 नये मतदान केंद्र का गठन हुआ है। अलग-अलग जिलों में ऐसे 38 मतदान केंद्र जहां वोटरों की संख्या बेहद कम थी, उसे निकटवर्ती पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर स्थित मतदान केंद्र के साथ मर्ज कर दिया गया है। मतदान केंद्रों के मर्जिंग (विलय, विलोपन) तथा नये मतदान केंद्रों के गठन के फलस्वरूप राज्य में आयोग द्वारा पूर्व में अनुमोदित 29464 मतदान केंद्रों के स्थान पर मतदान केंद्रों की कुल संख्या अब 29521 हो गयी है। इस प्रकार रेशनेलाइजेशन के बाद राज्य में कुल 57 मतदान केंद्र अधिक हो गये।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी दो दिवसीय दौरे पर 27 को आयेंगे रांची

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे 27 अक्टूबर को रांची पहुंचेंगे। वह अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में एयरपोर्ट से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। धनबाद पहुंचकर धनबाद लोकसभा को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की ओर से आयोजित श्रीराम कथा कार्यक्रम भाग लेंगे। फिर रांची के लिए प्रस्थान करेंगे और रात्रि विश्राम राजकीय अतिथिशाला में करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने गुरुवार को बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक एवं एसटी विभाग के राष्ट्रीय को-आर्डिनेटर के राजू और एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया 27 अक्टूबर को राजधानी रांची पहुंचेंगे और खूंटी लोकसभा क्षेत्र कोआर्डिनेशन कमेटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र कोआर्डिनेशन कमेटी के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को तीनों नेता वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के बाद एलडीएम कोआर्डिनेटर, एलटीएम एससी-एसटी विधानसभा कोआर्डिनेटर और जिलाध्यक्षों की आयोजित एलडीएम ज्वाइंट ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## मुखिया सम्मेलन 2023 का किया गया पोस्टर विमोचन

**मुखिया सम्मेलन 2023 में जुटेंगे पांच हजार जनप्रतिनिधि**

**20 मुखिया को दिया जायेगा यशस्वी मुखिया का सम्मान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था की मजबूती और इसके जनप्रतिनिधि के हक अधिकार और इसके सम्मान की बात करने पहली बार राजधानी रांची में जुटेंगे राज्यभर के मुखिया। बदलाव फाउंडेशन के तत्वावधान में 03 दिसंबर को रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम मुखिया सम्मेलन 2023 का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को इस आयोजन की तैयारी को लेकर मुखिया सम्मेलन



2023 का पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर बदलाव फाउंडेशन के भूषण भगत ने कहा कि मुखिया सम्मेलन में झारखंड के 24 जिलों के 1100 पंचायतों के निर्वाचित मुखियाओं को अपनी उपलब्धियों और कार्य योजनाओं को प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। इन प्रतिभागियों को मुखिया सम्मेलन 2023 के भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंचायती राज विकास मंत्री आलमगीर आलम और पंचायती राज निदेशक निशा उरांव शामिल होंगी। वहीं सम्मेलन में शामिल होने के लिये जारी 9431536090 वाट्सअप नंबर पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। 20 मुखिया को आयोजक कमेटी द्वारा उनके कार्यों और उपलब्धियों के मूल्यांकन करने के बाद चुना जायेगा और उन्हें राज्य का यशस्वी मुखिया होने का सम्मान दिया जायेगा। वहीं तीन मुखिया को उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रथम पुरस्कार में आई फोन, द्वितीय पुरस्कार में वन प्लस और तृतीय पुरस्कार में सैमसंग मोबाइल दिया जायेगा। इसके लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2023 रखी गयी है। इस सम्मेलन में राज्यभर से लगभग पांच हजार जनप्रतिनिधि जुटेंगे। पंचायती राज व्यवस्था का पक्षधर है। इसका यह उद्देश्य है कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती मिले। इस मौके पर जिला परिषद बिपिन टोप्पो, सामाजिक कार्यकर्ता अजीत लकड़ा, नीलम बिरुली, अलबिन लकड़ा, मुखिया पतरस तिर्की, विकास तिर्की और मीडिया पार्टनर तीर्थ नाथ आकाश और सुभाष शेखर सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से रघुवर दास ने त्याग पत्र दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने नयी दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपना त्यागपत्र सौंपा। रघुवर 31 अक्टूबर को उड़ीसा के राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। नयी दिल्ली में उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी शिष्टाचार मुलाकात की। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी शिष्टाचार मुलाकात की थी।

## 9 साल की लड़की एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंची

### यह कारनामा करने वाली झारखंड की सबसे कम उम्र की लड़की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के रांची की 9 वर्षीय टियाना बुधिया दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंचने वाली झारखंड की सबसे कम उम्र की लड़की और भारत की सबसे कम उम्र की लड़कियों में से एक बन गयी है। टियाना 5 अक्टूबर 2023 को माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पर पहुंची, जो 5364 मीटर (17598 फीट) की ऊंचाई पर है। उसने अपने पिता अनिरुद्ध बुधिया और उनके दोस्तों मयंक आर्य के साथ 11 दिनों में 130 किमी से अधिक की पूरी यात्रा पूरी की। आदित्य बुधिया, डॉ. कुशाग्र महनसरिया, अभिषेक तनेजा, हितेश भगत और कनिष्क पोद्दार। टियाना एवरेस्ट बेस कैंप पर गर्व से भारतीय ध्वज थामे हुए थी।



टियाना और उनकी टीम ने 29 सितंबर 2023 को लुक्ला (2860 मीटर) से एवरेस्ट बेस कैंप के लिए अपनी यात्रा शुरू की और फाकडिंग (2652 मीटर), नामचे बाजार (3440 मीटर), तेंगबोचे (3870 मीटर) होते हुए एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रैकिंग की। डिंगबोचे (4400 मीटर), लाबुचे (4900 मीटर) और गोरक शेप (5170 मीटर)। गोरक शेप से एवरेस्ट बेस कैंप तक का सफर पूरी तरह से कुंभु ग्लेशियर पर था। पूरी टीम 8 अक्टूबर 2023 को वापस लुक्ला लौट आई और यात्रा समाप्त की।

ट्रेक के दौरान, उन्होंने दुनिया की 6 सबसे ऊंची पर्वत चोटियों में से 4 को देखा, अर्थात चो ओयू (8,201 मीटर), माउंट मकालू (8,470 मीटर), माउंट ल्होत्से (8,516 मीटर), और माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर)। अन्य उल्लेखनीय पहाड़ जो करीब से दिखाई दे रहे थे वे थे पुमोरी (7161 मीटर) और अमा डबलाम (6812 मीटर)।

यह ट्रेक एक कठिन स्तर का ट्रेक है , जिसमें आप चौथे दिन ही पेड़ की रेखा से ऊपर चले जाते हैं और औसत ऊंचाई 4000 मीटर से ऊपर रहती है। प्रत्येक दिन कई पड़ाव होते हैं जिनमें घंटों तक लंबी खड़ी चढ़ाई होती है, औसत ऑक्सीजन का स्तर 70-75% तक गिर जाता है और यहां तक कि कपड़े और जूते पहनने जैसा नियमित काम भी एक कठिन और कठिन काम बन जाता है, जिससे आपकी सांस फूलने लगती है। हालांकि, टियाना ने ट्रेक पूरा करने का दृढ़ संकल्प किया और सांस लेने में होने वाली सभी कठिनाइयों, सिरदर्द और तीव्र पहाड़ी बीमारी को अच्छी तरह से प्रबंधित किया।

अनिरुद्ध और रांची के उनके दोस्त पिछले कुछ वर्षों से भारत और नेपाल के पहाड़ों की वार्षिक ट्रैकिंग यात्राओं पर जा रहे हैं और उन्होंने हिमाचल, भारत में हंपटा पास ट्रेक (4270 मीटर) और अन्नपूर्णा बेस कैंप (4130) जैसे उल्लेखनीय ट्रेक सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। एम) नेपाल में ट्रेक। पिछले साल नेपाल में एबीसी ट्रेक पूरा करने के बाद से, टियाना 2023 में एवरेस्ट बेस कैंप ट्रेक में शामिल होने के लिए अपने पिता का पीछा कर रही है। यह ट्रेक प्रकृति में उच्च शैक्षिक था जहां आप शेरपा समुदाय के साथ उनके चाय घर में 11 दिनों तक रहते हैं, उनकी संस्कृति, कड़ी मेहनत और जीवनशैली के बारे में सीखते हैं, तेनजिंग नोर्गे स्तूप और संग्रहालय की खोज करते हैं, जो महान पर्वतारोही को श्रद्धांजलि है। साथी पर्वतारोही एडमंड हिलेरी के साथ माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति। टियाना अब अपने पिता और उनके दोस्तों के साथ भविष्य के सभी ट्रेक पर जाने की योजना बना रही है।

## बरकाकाना-टाटानगर ट्रेन 28 अक्टूबर से रद्द

रांची। राज्य से चलने और गुजरनेवाली कुछ ट्रेनें 28 अक्टूबर से रद्द रहेंगी। रांची रेल मंडल ने सूचना जारी कर बताया है कि दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर और चक्रधरपुर मंडल में विकास कार्यों की वजह से ब्लॉक लिया जायेगा, जिससे कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **निविदा अधिसूचना सं.:** सीएटीजी-स्टॉल-25-जीएमयू-डब्ल्यू-एचटीई4। **कैटरिंग यूनिट:** कैटग. स्टॉल-25। **स्टेशन :** हटिया। **स्थान:** सर्कुलेटिंग क्षेत्र (एसबीआई एटीएम के निकट)। **आरक्षित श्रेणी:** जीएमयू/महिला। **न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य:** ₹ 6,21,254/-। **बयाना राशि:** ₹ 1,61,600/-। **निविदा की लागत:** ₹ 2,500/- के साथ 18% जीएसटी, प्रत्येक कैटरिंग यूनिट के लिए निविदा हेतु। **अनुबंध की अवधि :** 5 वर्ष। (1) पूरी बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांक 26.10.2023 से संबंधित सभी सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। (2) बोली दस्तावेज को दिनांक 26.10.2023 से 16.11.2023 तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा और अपलोड किया जा सकता है। (3) बोली दिनांक 26.10.2023 से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में जमा की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 16.11.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक है तथा दिनांक 16.11.2023 को अपराह्न 03.30 बजे खोला जाएगा। (PR-750)

# माइग्रेशन का फायदा

इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक की ताजा रिपोर्ट बताती है कि अमीर देशों की नागरिकता लेने के मामले में भारतीय अव्वल हैं। 2019 से ही भारत ओइसीडी (ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट) देशों के नये नागरिकों के मूल राष्ट्र के रूप में अपना प्रमुख स्थान बनाये हुए है। 2020 में भारत चीन को इस मामले में पीछे छोड़ चुका है। ध्यान रहे, श्रम की कमी से जूझते इन देशों के लिए ये नये नागरिक काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि हाल के वर्षों में ओइसीडी देशों ने इस तरफ ध्यान दिया। नतीजा यह कि इन देशों में आने वाले नये परमानेंट-टाइप माइग्रेंट की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है। पिछले साल यानी 2022 की ही बात करें, तो ओइसीडी देशों में आने वाले परमानेंट-टाइप माइग्रेंट की संख्या 61 लाख दर्ज की गयी, जो सीधे 26 फीसदी की बढ़ोतरी है। ध्यान रहे, इन 61 लाख में से 28 लाख भारतीय हैं। पूरी दुनिया के लिहाज से देखें, तो भी ग्लोबल माइग्रेंट इनफ्लो में भारत का योगदान करीब 7.5 फीसदी है। यह स्थिति उन देशों के लिए तो फायदेमंद है ही, खुद भारत के लिए भी कम लाभदायक नहीं साबित हुई है। अव्वल तो विदेश जाने वाले इन लोगों से रेमिटेंस हासिल करने के मामले में भी भारत नंबर वन पर है। 2022 में यह रकम 111 अरब डॉलर यानी देश की जीडीपी का 3.3 फीसदी थी। स्वाभाविक ही इस रकम से खपत में इजाफा होता है, जिससे इकोनॉमी को मजबूती मिलती है। लेकिन इसके और भी बहुत सारे फायदे हैं, जो अलग-अलग रूपों में सामने आते हैं। इनका ठोस अंदाजा तब होता है, जब हम इन माइग्रेंट्स के बदलते स्वरूप पर ध्यान देते हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक देश को मिलने वाले रेमिटेंस का 36 फीसदी अमेरिका, इंग्लैंड और सिंगापुर के हाइ-स्किल्ड माइग्रेंट्स से आता है। यानी इन माइग्रेंट्स का सबसे बड़ा हिस्सा टेक इंडस्ट्री में खप रहा है। और इस तरह धीरे-धीरे सबसे गतिशील आर्थिक क्षेत्र में भारत और दुनिया के बीच एक पुल बनता जा रहा है। इसका एक बड़ा फायदा कोलैबरेशंस के जरिये भारत में हो रहे निवेश और तकनीकी हस्तांतरण में भी देखा जा सकता है। विकसित देशों में हो रहे माइग्रेशन के इन फायदों के बीच यह बात भी ध्यान में रखने लायक है कि इस माइग्रेशन के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर होता है बेहतर अवसरों की तलाश, जिसकी इन देशों के मुकाबले अपने यहां कमी है। अगर हमें 2047 तक विकसित देश का स्टेटस हासिल करने का लक्ष्य पाना है, तो तीन बुनियादी पहलुओं पर खास ध्यान देना होगा- शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर। दो-चार प्रतिष्ठित संस्थान बनाना काफी नहीं है। देश के शिक्षा संस्थान हाइ-स्किल्ड युवा देने लगें, तो बेहतर रोजगार के हालात बनेंगे, जिससे क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर होगी। और फिर विकसित देश बनने का सपना भी दूर नहीं रह जायेगा।

**अगर हमें 2047 तक विकसित देश का स्टेटस हासिल करने का लक्ष्य पाना है, तो तीन बुनियादी पहलुओं पर खास ध्यान देना होगा- शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रेहड़ी-पटरी वालों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी सूक्ष्म-ऋण योजना- पीएम स्वनिधि ने 'समावेशी उद्यमिता' को बढ़ावा देने में मदद की है और महिला-पुरुष समानता लाने वाली साबित हुई है। पीएम-स्वनिधि का आशय पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि है।**

# समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है पीएम-स्वनिधि

पीआइबी

**रेहड़ी-पटरी** वालों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी सूक्ष्म-ऋण योजना- पीएम स्वनिधि ने 'समावेशी उद्यमिता' को बढ़ावा देने में मदद की है और महिला-पुरुष समानता लाने वाली साबित हुई है। पीएम-स्वनिधि का आशय पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा कोविड 19 महामारी के दौरान एक जून, 2020 को शुरू की गयी यह योजना पात्र स्ट्रीट वेंडरों के लिए वृद्धिशील किश्तों में 50 हजार रुपये तक बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करती है। यह तीन किस्तों में ऋण प्रदान करती है, - पहली किस्त 10 हजार रुपये की, दूसरी किस्त 20 हजार रुपये की, पहली किस्त के पुनर्भुगतान के अधीन, और तीसरी किस्त 50 हजार रुपये की दूसरे ऋण के पुनर्भुगतान के अधीन।

एसबीआइ की ओर से हाल ही में किये गये एक अध्ययन में इस योजना के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा गया है कि 43 प्रतिशत लाभार्थी महिला स्ट्रीट वेंडर हैं। इसके अलावा पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों में से 44 प्रतिशत ओबीसी श्रेणी के, जबकि 22 प्रतिशत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हैं।

**अब तक 9,152 करोड़ रुपये के ऋण वितरित, प्रधानमंत्री ने योजना के परिवर्तनकारी स्वरूप की सराहना की**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्लॉग पर इस रिपोर्ट को साझा करते हुए योजना के परिवर्तनकारी स्वरूप की सराहना की है। उन्होंने कहा, भारतीय स्टेट बैंक के सौम्य कांति घोष का यह गहन अनुसंधान पीएम स्वनिधि के परिवर्तनकारी प्रभाव की बहुत स्पष्ट तस्वीर प्रदान करता है। यह इस योजना के समावेशी स्वरूप पर गौर करता है और इस बात पर प्रकाश डालता है कि इसने वंचित समुदाय के लोगों को किस प्रकार वित्तीय रूप से सशक्त बनाया है।

इस योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन पर प्रति वर्ष 1,200 रुपये तक का कैशबैक दिया जाता है।




पीएम-स्वनिधि योजना के डैशबोर्ड के अनुसार, 26 अक्टूबर, 2023 तक पहली किस्त के रूप में 57.20 लाख, दूसरी किस्त के रूप में 15.92 लाख और तीसरी किस्त के रूप में 1.94 लाख ऋण स्वीकृत किये गये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 10 हजार रुपये का पहला ऋण चुकाने और 20 हजार रुपये का दूसरा ऋण लेने वाले लोगों का अनुपात 68 प्रतिशत है। इसी तरह, 20 हजार रुपये का दूसरा ऋण चुकाने और 50 हजार रुपये का तीसरा ऋण लेने वाले लोगों का अनुपात 75 प्रतिशत है, जो छोटे और सीमांत स्ट्रीट वेंडरों के बीच वित्तीय अनुशासन मौजूद होने को इंगित करता है। अब तक बैंकों ने योजना के तहत 9,152 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये हैं।

ऋण स्वीकृत करने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) अग्रणी रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने इस योजना के तहत कुल ऋणों का 31 प्रतिशत वितरण किया है। उसके बाद क्रमशः बैंक ऑफ बड़ौदा (31 प्रतिशत), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (10 प्रतिशत) और पंजाब नेशनल बैंक ने (8 प्रतिशत) ऋण वितरित किये हैं।

पीएम स्वनिधि डैशबोर्ड के अनुसार, लगभग 5.9 लाख ऋण प्राप्तकर्ता 6 मेगा शहरों से और 7.8 लाख शीर्ष 10 मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरों से संबंधित हैं। शहरों में, अहमदाबाद में पीएम स्वनिधि खाताधारकों की संख्या सबसे अधिक 1,37,516 है। इसके बाद लखनऊ (1,35,581), इंदौर (112,015), कानपुर (109,952) और मुंबई (99,209) आते हैं। सक्रिय खर्च करने वालों के प्रतिशत के संदर्भ में, वाराणसी का प्रदर्शन शीर्ष पर रहा है, जहां कुल खर्च करने वालों में से 45 प्रतिशत सक्रिय हैं। इसके बाद बेंगलुरु (31 प्रतिशत), चेन्नई (30 प्रतिशत) और प्रयागराज (30 प्रतिशत) आते हैं।

मोदी सरकार द्वारा 2020 में शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक सूक्ष्म ऋण योजना है, जो 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करती है।

**एसबीआइ की ओर से पीएम स्वनिधि:** जमीनी स्तर के बाजार के दिग्गजों को सशक्त बनाकर देश के सामाजिक ताने-बाने का सशक्तिकरण शीर्षक से हाल ही में कराए गए अनुसंधान कार्य में पीएम स्वनिधि के परिवर्तनकारी प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। इस टिप्पणी में उस अनुसंधान के कुछ महत्वपूर्ण परिणामों का उल्लेख किया गया है।

**पीएम स्वनिधि ने समावेशी उद्यमिता सुनिश्चित की है:** पीएम स्वनिधि ने सामुदायिक बाधाओं को तोड़कर हाशिए पर मौजूद शहरी माइक्रो उद्यमियों को निर्बाध रूप से जोड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है: लगभग 75 प्रतिशत ऋण लाभार्थी गैर-सामान्य श्रेणी से संबद्ध हैं, जो परिवर्तनकारी बदलाव लाने के उद्देश्य वाली नीतिगत योजनाओं की सहज शक्ति का प्रमाण हैं। कुल संवितरण में ओबीसी का हिस्सा 44 प्रतिशत, जबकि एससी/एसटी का हिस्सा 22 प्रतिशत है। कुल लाभार्थियों में से 43 प्रतिशत महिलाएं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला हिस्सेदारी शहरी महिलाओं की उद्यमशील क्षमताओं के सशक्तिकरण की ओर इंगित करती है, जिससे स्वनिधि को महिला-पुरुष समानता लाने वाली योजना का टैग मिलता है।

**बढ़ता हुआ स्थायित्व अनुपात (दूसरा ऋण/ चुकता किया गया पहला ऋण):** रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थायित्व अनुपात (दूसरा ऋण/ चुकता किया गया पहला ऋण) बढ़ रहा है, जो पीएम स्वनिधि योजना की आवश्यकता और लोकप्रियता को दर्शाता है और उन लोगों को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो और ऋण लेने के लिए, पिछले ऋण का भुगतान कर रहे हैं और एक बेहतर माध्यम के रूप में कार्य कर रहे हैं।

इस योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन पर प्रति वर्ष 1,200 रुपये तक का कैशबैक दिया जाता है। अब तक तीनों किस्तों में लगभग 70 लाख ऋण वितरित किये गये हैं, जिससे 53 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर लाभान्वित हुए हैं, जिनका कुल मूल्य 9,100 करोड़ रुपये है।

**पीएम स्वनिधि खाताधारकों की औसत खपत में पचास प्रतिशत की बढ़ोतरी:** आय निजी उपभोग की प्रमुख प्रेरक रही है और आय में वृद्धि उपभोग/खर्च में वृद्धि को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक उत्थान के उद्देश्य वाली पीएम स्वनिधि इस मामले में एक बड़ी सफलता है। अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि 10,000 रुपये से शुरू हुआ छोटा सा ऋण पीएम स्वनिधि खाताधारकों की काफी मदद करता है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2011 की तुलना में वित्त वर्ष 2013 में पीएम स्वनिधि खाताधारकों का औसत डेबिट कार्ड खर्च 50 प्रतिशत बढ़कर 80,000 रुपये हो गया। अनौपचारिक शहरी उद्यमियों को काफी कम मात्रा में शुरुआती पूंजी दिये जाने से महज दो वर्षों में ही उनके प्रतिवर्ष औसत खर्च में 28,000 रुपये की वृद्धि हुई।

**कर्जदारों में दो-तिहाई 26-45 वर्ष आयु वर्ग के हैं:** पीएम स्वनिधि में 65 प्रतिशत कर्जदार 26-45 वर्ष आयु वर्ग के हैं। औसतन, उनमें से 63 प्रतिशत, 25 वर्ष से कम और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग ऋण संवितरण के बाद अधिक खर्च करते हैं। जनधन ने बैंकिंग की सुविधा से वंचित लोगों को बैंकों से जोड़ा।

**पीएम स्वनिधि ने ऋण की सुविधा से वंचित लोगों को ऋण प्रदान किया:** स्वनिधि को जनधन लोगों के लिए ऋण तक पहुंच का साधन मानते हुए, एसबीआइ अनुसंधान ने जनधन लाभार्थियों के खर्च पर स्वनिधि ऋण के प्रभाव पर गौर किया। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2012 में स्वनिधि ऋण/नियंत्रण समूह से वंचित पीएमजेडीवाइ लाभार्थियों की तुलना में स्वनिधि ऋण प्राप्त पीएमजेडीवाइ लाभार्थियों की ओर से व्यापारिक दुकानों पर खर्च/व्यवहार में औसतन कम से कम 1385 रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी है।

**डिजिटल स्वीकार्यता के लिए व्यवहारिक बदलाव:** पीएम स्वनिधि ने डिजिटल लेनदेन की स्वीकार्यता बढ़ा दी है। जब पीएम स्वनिधि ऋण जन-धन लाभार्थियों को दिया गया, तो इसने 10 से कम लेनदेन करने वालों की श्रेणी के कम से कम 9.5 प्रतिशत लोगों को उच्च डिजिटल लेनदेन करने वालों की श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया।

**मेगा और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में पीएम स्वनिधि खाताधारक:** इन मेगा और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में, वाराणसी का प्रदर्शन शीर्ष रहा है, जहां कुल खर्च करने वालों में से 45 प्रतिशत सक्रिय खर्च करने वाले हैं, इसके बाद बेंगलुरु, चेन्नई, प्रयागराज आदि का स्थान है।

## जमशेदपुर की खबरें

### जमीन दाताओं के मुआवजा को लेकर कंपनी प्रबंधन ने दिया आश्वासन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झामुमो और समाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने टाटा पावर सोलर प्लांट के प्रबंधन से की मुलाकात। गुरुवार को मुलाकात के दौरान डोमजुडी टाटा पावर सोलर प्लांट के लिये दिए गए जमीन दाताओं को उनके जमीन के ऊपर से हाई टेंशन वायर जाने का मुआवजा नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने सोलर प्लांट के एडमिन पवन कुमार को इस कि जानकारी दी। जानकारी मिलने पर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर सभी लाभुकों को मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजिक सेवा संघ अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत,झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष निजी चिकित्सा प्रभारी राजकुमार महतो, मुखिया शिवलाल लोहरा, दिलीप सिंह, जेना जामुदा,छोटे सरदार, अमित दास मौजूद रहे।

### लोहे की छड़ चोरी करते चोर को रंगे हाथ पकड़ खंभे से बांधा, धुनाई के बाद पुलिस को सौंपा



**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** लोहे के छड़ चोरी करते हुए लोगों ने एक चोर को रंगे हाथ पकड़ कर उसे खंभे में बांधकर जमकर पिटाई कर दी। घटना के सूचना मिलते ही चक्रधरपुर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर के टोकलो रोड में अजय उरांव अपना मकान बनाने का कार्य काफी दिनों से कर रहे हैं। मकान में लगने वाले लोहे के छड़ को लाकर निमार्णाधीन भवन के बाहर रख दिया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से काम बंद रहने के कारण चोर ने गुरुवार की अहले सुबह छड़ को चोरी कर रहा तभी किसी का नजर पड़ गया। बाद में उसने हल्ला कर दिया तो आसपास के लोग चोर को पकड़ कर खंभे में बांधकर जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद मकान मालिक ने घटना के सुचना में चक्रधरपुर थाना को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और लोगों के चोर को हिरासत में लेकर थाना चली गई। जहां पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि गिरफ्तार चोर रेलवे क्षेत्र के तितलीपाड़ा निवासी अनिल दुबे हैं. जो पहले भी चोरी कर चुका है। हालांकि उसके साथ और कितने लोग थे यह पुलिस कि पूछताछ करने के बाद खुलासा होगा।

### जिला परिषद और आजसू नेता सहित सैकड़ों लोगों ने थामा झामुमो का दामन


# पूर्णिमा और मानिक समर्थकों के झामुमो में आने से संगठन को मिलेगी मजबूती : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत वाली सरकार में पूर्वी सिंहभूम जिले के चारो विधान सभा विकास की ओर अग्रसर है। जिले के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, बहरागोड़ा विधायक समीर महंती के पहल पर हेमंत सरकार के योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुच रही हैं। उधर जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित विधायक का दौरा,लोगो से मिलना,समस्या का समाधान निकलने पर अब लोगों का विश्वास झामुमो के प्रति बढ़ने लगी है। परसुडीह क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित होकर जिला परिषद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मल्लिक,पूर्व मंत्री के विधायक प्रतिनिधि रहे आजसू नेता और सेवा ही लक्ष्य संस्था के संस्थापक मानिक मल्लिक ने सैकड़ो समर्थकों के साथ झामुम का दामन थामा। सभी जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में रांची स्थित सोहराई भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो का सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मुख्यमंत्री ने पार्टी में सभी का स्वागत किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामने वाले में जिला परिषद पूर्णिमा मल्लिक, मानिक मल्लिक, डॉली मल्लिक, अर्चना सिंह राजपूत, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, पंचायत सदस्य आरती करवा,बाबूलाल चक्रवरती, मोनू तिवारी, दिनेश जायसवाल, प्रतीक शराफ, संजय सिंह,देबेडू सरकार, अंजू देवी, रीना सरकार,पदमा राव, सीखा मायटी, सुनीता अग्रवाल,दीपानकर राव, अलोक देय,संध्या सरकार,सोमनाथ मंडल, मिलान मजूमदार, आनंदा बनर्जी, देबो बिश्वास, बाबूलाल मल्लिक, राजू शर्मा, श्याम मल्लिक,दीपानकर रॉय, विक्की सोनकर, राजेश मल्लिक, संजीव कुमार, आनंद पॉल,सुजीत कुमार चक्रबोर्टी,गौरव घोष, सुमित स्वर्णकार,डब्लू मल्लिक, किशोर दास, सुखलाल छत्तर सहित अन्य समर्थक शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जिला परिषद पूर्णिमा मल्लिक व मानिक मल्लिक के झामुमो में आने से जुगसलाई विधानसभा को मजबूती मिलेगी। वही जिला परिषद पूर्णिमा मल्लिक ने कहा जुगसलाई विधानसभा में पहली बार ऐसे विधायक बने है जिन्होंने दिन-रात लोगों की सेवा में तत्पर रहते है। अब उनके साथ मिलकर जनता के समर्थन में क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। आज सभी समर्थकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

# टाटा मोटर्स इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टेल्को टीएमएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूनामेंट का आओजन किया गया। गुरुवार को टाटा मोटर्स के तकनीकी सेवा महाप्रबंधक संजय सिन्हा के द्वारा टूनामेंट का उद्घाटन किया गया। मौके पर टाटा मोटर्स प्रशासन एवं सुरक्षा प्रमुख वी एन सिंह,टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन महासचिव आर के सिंह,टाटा मोटर्स वरिष्ठ प्रबंधक नगर प्रशासन व खेल आशीष रंजन सेन और अन्य वरिष्ठ गणमान्य लोग उपस्थित रहे। टूनामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्राइमा,नेक्सॉन, टियागो,सफारी,हैरियर,सिग्ना, टिगोर और जगुआर शामिल है। पहले दिन छह मैच खेला गया। पहला मैच टीम सफारी बनाम टीम नेक्सन के बीच खेला गया। टीम नेक्सन के खिलाड़ियों ने अच्छी टक्कर दी लेकिन अंततः सफारी दो सीधे सेटों में व नेक्सन तीन सेटों से विजयी हुई। दूसरे मैच में टीम टिगोर सर्वश्रेष्ठ तीन सेटों में दो सीधे सेटों से विजयी रही। तीसरे मैच में टीम टियागो सर्वश्रेष्ठ तीन सेटों में दो सीधे सेटों से विजयी रही। चौथे मैच में टीम जगुआर तीन सेटों में से दो सीधे सेटों से विजयी रही। पांचवें मैच में टीम टियागो सर्वश्रेष्ठ तीन सेटों में से दो सीधे सेटों से विजयी रही। छठा मैच टीम हैरियर बनाम टीम जगुआर के बीच खेला गया। एक करीबी मुकाबले में हैरियर टीम जगुआर पर 2-1 से विजयी रही।

# टोंटो में सुरक्षाबलों ने किया नक्सली कैंप ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में नक्सलियों को खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस का हौसला बुलंद हैं। पुलिस ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया है। जहां पुलिस ने कैंप से सामान बरामद किया। जबकि गोइलकेरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान 7 स्पाईक होल 218 रड बरामद कर नक्सलियों का मंसूबे फेल कर दिया हैं। इस घटना के बाद से पुलिस का हौंसला बुलंद हैं. जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चल रहा है सर्च अभियान के दौरान गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो गोईलकेरा थानान्तर्गत रेरडाकोचा और हुसिपी के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में बनाये हुए नक्सली कैम्प को सुरक्षा बलों के द्वारा ध्वस्त किया गया। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत सरजामबुरू और लोवाबेड़ा ग्राम से और नक्सली कैम्प से निम्नलिखित दैनिक उपयोग एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है। सर्च अभियान के दौरान सीआरपीएफ का एक जवान घायल पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाया जाए सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम हाथीबुरू और लिमसाडीह के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये रास्ते में गढ़डा करके लोहे का रड और तीर में एस०आई० परविंदर सिंह, सी०आर०पी०एफ० 60 इठ का पैर पड़ने के कारण स्पाईक हॉल में लगे रड से जख्मी हो गये। बाद में उसे एयरलिफ्ट कर रांची वेदांता अस्पताल ले जाया गया। **पुलिस ने 6 स्पाईक होल 218 रॉड किया बरामद :** पुलिस द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहा है अभियान के दौरान पुलिस को काफी सफलता मिली हैं। पुलिस ने गोइलकेरा थाना क्षेत्र में पुलिस का नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाया गया गढ़डा करके लोहे का रड और तीर बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है. साथ ही गोईलकेरा थानान्तर्गत रामाहातु और बोयपाईससांग गाँव के बीच पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये रास्ते में गढ़ड़ा करके लोहे का रड और तीर बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर नम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।

# श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यज्ञ स्थल के चारो ओर सिर्फ श्रद्धालु ही नजर आ रहे थे। सुबह से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा के बाद यज्ञ में आये साधु संत का आशीर्वाद लेते रहे। वहीं यज्ञ मंडप में 305 कुंडों पर बैठे यजमानों के आहुति देते हुए स्वाहा की आवाज से क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था। वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति का सागर उमड़ रहा था। देश के महान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ का समापन 28 अक्टूबर को होना है।



## वाच टावर से हो रही निगरानी

महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस है। यज्ञ मंडप में निगरानी के लिए वाच टावर का निर्माण किया गया है। जहां से तमाम गतिविधियों पर पुलिस नजर रख रही है। वही सुरक्षा को लेकर 300 से अधिक पुलिस जवानों को लगाया गया है। साथ ही दर्जनों पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह पुलिस कंट्रोल रूम में बैठकर नजर बनाए हुए हैं।

## पूरे दिन शहर में रही जाम की स्थिति

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल होने बड़ी संख्या में लोग देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्री बंशीधर नगर पहुंच रहे हैं। शहर के सभी चौक-चौराहों और रोड पर ट्रैफिक को लेकर पुलिस की व्यवस्था की गई है लेकिन सभी सड़को पर हेवी ट्रैफिक रही।

## अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में आज दो मंत्री भी रहेंगे मौजूद

शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन होगा। धर्म संसद में देश के प्रमुख संत हिस्सा लेंगे। धर्म संसद में कई निर्णय लिए जायेंगे। वहीं धर्म संसद में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के अलावे पीएचइडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। धर्म संसद का आयोजन 27 अक्टूबर को 12 से शाम 6 बजे तक होगा। धर्म संसद के बाद भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। भजन संध्या में देश के कई प्रमुख भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

## विधायक और पूर्व विधायक ने भंडारे में दी सेवा

यज्ञ स्थल पर बने भंडारे में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। वही बड़ी संख्या में लोग श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए सेवा में लगे हुए हैं। विधायक भानू प्रताप शाही और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय सहित सैकड़ों लोग भी श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हैं। भानू रसोईघर में जाकर जहां सब्जी काटते दिखे वहीं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव लोगों को खुद खाना परोसा रहे थे। महिला, पुरुष व साधु संतों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। भंडारे में सभी भोजन शुद्ध घी में बनाया जा रहा है। 400 कारीगर व मजदूर खाना तैयार कर रहे हैं वहीं भोजन परोसने के लिए सैकड़ो की संख्या में वोलेंटियर को लगाया गया है।

# जैसा जीव अपराध करता है, कर्म करता है, उसके अनुसार ही उसे दंड मिलता है : जीयर स्वामी

**बंशीधर नगर।** अलग-अलग कर्मों के अनुसार अलग-अलग दण्ड भोगना पड़ता है। जैसा जीव अपराध करता है, कर्म करता है, उसके अनुसार उस उस तरीके से दण्ड दिया जाता है। दंड का प्रावधान किया जाता है। यदि हमारे द्वारा अपराध हो जाये। तो समय रहते उसका प्रायश्चित कर लें। यदि प्रायश्चित नही करते हैं तो बाद में उस पाप का, अपराध का दंड भोगना पड़ता है। वहीं व्यक्ति अपने जीवन में दंड का अपचार हो गया। अगर उस व्यक्ति ने मार्जन नही किया। तो नरक में जाता है।



## दक्षिण दिशा की ओर घर का दरवाजा नही बनाना चाहिए

शास्त्रों मे बताया गया है कि दक्षिण दिशा की ओर घर का दरवाजा नही बनाना चाहिए। क्योंकि दक्षिण दिशा की ओर ही नरक है। प्रायः लोग दक्षिण दिशा की ओर मुख्य दरवाजा नही रखते हैं। जिनके पास जमीन कम है। मजबूरी है कि दरवाजा दक्षिण की ओर हीं रखेंगे। वह परमात्मा का नाम लेकर हीं आते जाते हैं।

**नही चाहने के बाद भी मच्छर जैसे जीव मार दिए जाते हैं उनका प्रायश्चित हो जाता है:** हमारे द्वारा मक्खी, खटमल, मच्छर, नही चाहते हुए भी मार दिए जाते हैं। पाप हो जाता है। हमारा उद्देश्य उनको मारने में नही था। परेशान करने में नही था। खेती कर रहे हैं। अनेक प्रकार के जीव को नही चाहते हुए भी मार दिया जाता है। ऐसे पापों का प्रायश्चित उपर उपर हो जायेगा।

**पराये धन का हरण करने वाला व्यक्ति को मिलता है तामिस नरक:** जो व्यक्ति पुरूष या स्त्री पराये समझा करके, दिग्भ्रमित करके पराये धन का, पराया पुरूष, स्त्री का हरण करता है ऐसे लोगों को तामिस नामक नरक मिलता है। इस नरक में ऐसे लोगों को काल पास में बांधकर इस नरक में ले जाया जाता है।

## पंच भौतिक शरीर ही समाप्त होता है

एक शरीर होता है भोग शरीर, एक होता है सुक्ष्म शरीर, एक होता है स्थुल शरीर, एक होता है पंचभौतिक शरीर। पंच भौतिक शरीर ही समाप्त होता है।

# खरडीहा में भक्ति जागरण का आयोजन

**भोजपुरी भजन गायिका चांदनी सिंह और गायक धनंजय लाल यादव ने रात भर बहाया भक्ति की गंगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत दुर्गा पूजा पंचायत कमेटी खरडीहा के तत्वाधान में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह और खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका अनुमंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर भोजपुरी भजन गायिका चांदनी सिंह और गायक धनंजय लाल यादव के बीच जोरदार मुकाबला हुआ और श्रोताओं दर्शकों को एक से बढ़कर एक भक्ति भजन प्रस्तुत कर रातभर भक्ति की गंगा बहाया जिसमें श्रद्धालु सज्जन डुबकी लगाते रहें और खूब मनोरंजन किया। इस मौके पर कमेटी के द्वारा गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष बुधन यादव, झामुमो पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, शिक्षक इंद्रदेव राम , पंचायत के बीडीसी नौशाद अंसारी, पारसनाथ पांडेय सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



# भक्ति जागरण का रंगारंग कार्यक्रम



**बरडीहा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आदर पंचायत के बारछाबांध गांव में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति रंगारंग बिरहा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मूर्ति विसर्जन के बाद भक्ति रंगारंग बिरहा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत समाजसेवी शिवपूजन यादव और थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडे के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सुख समृद्धि का कामना किया। वही उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा काला दिखाया गया। जहां पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।**

# गढ़वा के डीसी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक संपन्न किया गया। बैठक में मनरेगा, आधार सीडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा किया। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति और आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु निर्देश दिया। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने एंप्लॉयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लॉयमेंट, लंबित योजनाएं, एरिया मॉनिटरिंग, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, आधार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, स्कीम कंप्लीशन समेत अन्य की बारी-बारी से समीक्षा किया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा कर उपायुक्त ने लंबित निमार्णाधीन आवास निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उक्त योजना के तहत लगाये गये वृक्ष की अच्छे से देखभाल करने का निर्देश दिया। वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण की भी उपायुक्त ने गहन समीक्षा कर संचालित योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने वैसे प्रखंड/पंचायत जहां खेल मैदान के लिए बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध नही है वहां भी छोटी भूमि चिन्हित कर खेल मैदान बनाने का निर्देश दिया। उक्त सभी योजनाओं को ससमय सफलतापूर्वक पूर्ण करने को लेकर मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा भी जल्द से जल्द इसे पूर्ण करते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गढ़वा सुशील कुमार राय, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक आदि उपस्थित थे।



# नाबालिग को भगाने के आरोपी को मेराल पुलिस ने सूरत से किया गिरफ्तार



**मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने एक नाबालिग को भगा कर यौण शोषण करने तथा बहला फुसलाकर सूरत (गुजरात) भगा ले जाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव निवासी जयराम ठाकुर का 20 वर्षीय बेटा दयानंद कुमार ठाकुर को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। घटना के संबंध में युवती के पिता द्वारा दिए आवेदन में कहा गया है कि पुत्री को दयानंद कुमार ठाकुर ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। परिजनों द्वारा बताया गया कि उक्त घटना के बाद हम लोगों ने उसे अपने रिश्तेदारों तथा अन्य जगह पर खोजबीन किया परंतु कहीं पता नहीं चलने के बाद 4 सितंबर को मेराल थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। बाद में दोनों को सूरत गुजरात में पता चलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार से त्वरित कार्रवाई करने की गुहार लगायी। उन्होंने थाना पुलिस को उसके लोकेशन पर भेजा गया जहां से पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस द्वारा आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।**

# माता रानी की विदाई में उमड़ा जन सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जय भवानी संघ, संघत्त मोहल्ला में दुर्गा पूजा पर स्थापित दुर्गा मां की प्रतिमा को बुधवार को विसर्जित किया गया। माता रानी की विदाई में उमड़ा जन सैलाब जम के थिरके लोग। विदित हो जय भवानी संघ की माता रानी का विदाई बड़े ही धूमधाम से किया गया संगत मोहल्ला पंडाल से में रोड में आरती करते हुए हनुमान मंदिर संकट मोचन होते हुए पुणे में रोड लाते हुए रामबन तालाब में माता जी का विसर्जन किया गया लोगों ने खासकर माता बहनों ने डांडिया करते हुए माता जी को मानते हुए रिजाते हुए उन्हें विदाई दी गई इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित है संघ के संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, संरक्षक अनिल सोनी, उमेश कश्यप, रोहित कुमार छोटू, सतीश गुप्ता, मुकेश, दीपक सरदार, अजीत कमलापुरी, अविनाश कमलापुरी, सुनील केसरी, उमेश कुमार सोनी, अध्यक्ष अमन कश्यप, उपाध्यक्ष चंदन मालाकार, तरुण श्याम सोनी, महामंत्री केतन मल्होत्रा, विनय कालसकर अन्य पदाधिकारी मोहित मोदनवाल, हर्ष सोनी, पीयूष जायसवाल, भोलू सोनी, रॉबिन कश्यप, राजेश कश्यप, अपना शुभम, किशु राज सौरभ कश्यप, अर्बन जायसवाल, कुशल केसरी, शुभम कशकार, बंटी संस्कार, भोला गुप्ता, मुकेश सोनी, राजेश गुप्ता, आकाश सोनी, निशांत कश्यप काफी संख्या में श्रद्धालु भरे हुए थे रामबन तालाब पर मां की आरती करते हुए मां का विसर्जन किया गया।



# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 01/01/2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 27 अक्टूबर 2023 से 9 दिसंबर 2023 तक चलने वाले द्वितीय भ्रमण दावा आपत्ति अवधि के सफल संचालन हेतु आज समाहरणालय गढ़वा के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव संग बैठक किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जिले भर में चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले भर में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, नाम/पता में सुधार करने समेत अन्य विषयों को लेकर 21 जुलाई 2023 से लेकर 21 अगस्त 2023 तक सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वेरिफिकेशन कार्य किया गया है। उक्त वेरिफिकेशन कार्य के दौरान छुटे हुए मतदाताओं एवं दावा आपत्ति को लेकर द्वितीय भ्रमण के तहत 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक जिलेभर में सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। जिससे कोई भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में न छुटे और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाये। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों के बीच इसकी जानकारी और उनकी सहायता हेतु सभी राजनीतिक दलों को बीएलए नियुक्त करने को कहा गया, जिससे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का द्वितीय भ्रमण दावा आपत्ति अवधि का सफल संचालन कराया जा सके। बैठक के दौरान प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो संदेश और उद्देश्यों को भी दिखाया गया, जिसमें द्वितीय भ्रमण घर घर सर्वेक्षण दावा आपत्ति अवधि के दौरान किये जाने वाले कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदान के प्रतिशत में सुधार करने पर भी विचार विमर्श किया गया। साथ हीं निर्वाचन कार्य से जुड़े किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत टॉल फ्री नंबर 1950 पर करने की जानकारी दी गयी। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में कई ऐसे मतदाता है, जिनका वोटर आईडी कार्ड में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है, वैसे मतदाताओं को भी कलर फोटोग्राफ करेक्शन कराने का कार्य किया जायेगा। बैठक में उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से भी आमजनों को जागरूक करने का अपील किया गया। जिससे योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा या मतदाता पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का सुधार किया जा सके। उक्त बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80 विधानसभा क्षेत्र विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, गढ़वा सुशील कुमार राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, 80 और 81 विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी उपस्थित थे।



**पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।**

**-: आवश्यक सूचना :-**

पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा Jharkhand Women's Asian Champions Trophy-2023 का आयोजन दिनांक–27.10.2023 से 05.11.2023 तक मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित है, इस अवसर पर सुगम यातायात हेतु यातायात एवं पार्किंग की निम्नवत् व्यवस्था की गई है :–

1. उपायुक्त आवास मोड़ से माननीय सांसद श्री शिबू सोरेन आवास होकर मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम तक सिर्फ टीम बसें/मीडियाकर्मी एवं पासधारी वाहन प्रवेश कर सकेंगे, सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
2. पार्किंग व्यवस्था –
   - टीम बस/हॉकी इंडिया एवं अति महत्वपूर्ण वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी टी.ओ.पी. परिसर के अन्दर बने पार्किंग स्थल में होगी।
   - लाल पासयुक्त वाहन (वी.वी.आई.पी. वाहन पास) – मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के पीछे वाहन पार्क कर सकेंगे।
   - वेस्ट स्टैण्ड 1st फ्लोर एवं 2nd फ्लोर के दर्शक तथा मीडियाकर्मी जिन्हें क्रमशः नारंगी/नीला/हरा वाहन पास निर्गत किया गया है, अपने वाहन मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के आगे/पीछे निर्धारित क्षेत्र में वाहन पार्क करेंगे।
   - गेट नम्बर–03 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम के दक्षिण मोरहाबादी मैदान में कर सकेंगे।
   - गेट नम्बर–04 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग करमटोली धुमकुड़िया परिसर/आई.एम.ए. परिसर/माननीय श्री शिबू सोरेन आवास के बगल मार्ग में कर सकेंगे।
   - यातायात पुलिस राँची का– Twitter - @TrafficRanchi<br>Facebook - Ranchi Traffic Police<br>Whatsapp - 8987890772




पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची।

P.R. 309948 (Police)23-24

**निर्देश : लोकेश मिश्रा ने की 15वें वित्त आयोग और मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा**

# 10 दिनों के अंदर सभी पंचायत भवनों में उपलब्ध करायें मूलभूत सुविधा : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने गुरुवार को 15वें वित्त आयोग और मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान पंचायत भवनों की स्थिति की समीक्षा की और पांच नवंबर तक पंचायत भवनों की भौतिक स्थिति में सुधार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत भवनों में बिजली, पानी, कंप्यूटर, शौचालय एवं इंटरनेट को क्रियाशील बनाने के लिए निर्देशित किया। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी पंचायत सचिव की जिम्मेदारी तय की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि 10 दिनों के अंदर पंचायत भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। डीसी ने पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। साथ ही अभिलेख का संधारण उचित रूप से करने और रॉयल्टी की राशि समय पर जमा किए जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान टाइड मद की राशि से स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में हैंड वॉश यूनिट, पेयजल सुविधा और शौचालय का निर्माण एक महीने की समाय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रखंड कार्यालय के प्रबंधन के लिए पंचायत समिति की अनटाइड फंड का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। 15वें वित्त आयोग की राशि की समीक्षा करने के क्रम में कम व्यय करने वाले पंचायत को शीघ्र योजनाओं का क्रियान्वयन एवं व्यय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि जनहित की योजनाओं का चयन किया जाए। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में होने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी प्रखंडों में संचालित कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश देते हुए प्रत्येक पंचायतों में योजना का क्रियान्वयन करने को कहा ताकि लेबर इंगेजमेंट को बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही डीसी ने निरंतर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि हर स्तर से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास होना चाहिए।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

## कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना प्राथमिकता

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति(विकास) की बैठक हुई। जिसमें डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए व अन्य जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित थे। बैठक में डीसी द्वारा कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कृषि, आपूर्ति, विद्युत, समाज कल्याण, पशुपालन आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान डीसी ने कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, आधारभूत संरचना, कौशल विकास व विकास के मानकों पर विशेष रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारी व कर्मी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उचित रूप से पर्यवेक्षण एवं समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को अपने स्तर से ई विद्यावाहिनी की जांच करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में डीसी ने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से ट्रांसफार्मर वेयर हाउस के संचालित कार्यों की जानकारी ली। साथ ही बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविर की जानकारी पूर्व में ही क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी प्रखंडों में भू अर्जन से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को पेंशन से संबंधित आवेदनों को जांचोंपरांत स्वीकृत करने और सभी पात्र लाभुकों को स-समय पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा हेल्थ एवं न्यूट्रिशन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## विकास के पथ पर अग्रसर है सिल्ली : सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधायक निधि से विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी। सुलुमजुड़ी गांव में 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य एवं पायराटांग में 250 फीट पीसीसी निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गयी। इसी क्रम में झारखंड सरकार डीएमएफटी मद अंतर्गत छोटामुरी पंचायत के कोकोरना गांव में पीएससी एवं सोकफीट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सिल्ली विधानसभा पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो चुका है। समाज के अंतिम लोगों तक बुनियादी सुविधाओं को पहुंचाने का मेरा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, बृजेश प्रसाद, लक्ष्मण महतो, संजय सिद्धार्थ समेत सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आजसू नेता ने चिलगु में किया उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** प्रखंड के चिलगु में ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जमशेदपुर से रांची जाने के क्रम में भव्य स्वागत किया गया। आजसू नेता हरेलाल महतो के नेतृत्व में कायकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने रघुवर दास का स्वागत किया। हरेलाल महतो ने अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत किया। वहीं, रघुवर दास ने आजसू नेता हरेलाल महतो को उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान कुछ समय के लिए रघुवर दास आजसू के प्रधान कार्यालय में रुके और हरेलाल महतो द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। रघुवर दास ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त करने के बाद कहा कि ईचागढ़ विधानसभा काफी पिछड़ा है। हरेलाल बाबू आप मेहनत कीजिए तस्वीर बदल जाएगी। इस मौके पर चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, रुद्रप्रताप महतो, बिरेन लायक, अनंत गोप, अनूप गोराई, सनत महतो, सुजीत महतो, मनोज कुमार, संतोष माहली, शिव महतो आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने दी ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास को दी बधाई



खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशा उपाध्यक्ष काशनाथ महतो ने गुरुवार को आडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास के आवास पर जाकर उन्हें बर्धाइ दी। उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रघुरन दास के साथ ही झारखंड का मान बढ़ाया है। इसके लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रघुवर दास को बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। काशनाथ महतो ने कहा कि एक मजूदर के रूप में जीवन की शुरूआत करने वाले रघुवर दास ने मुख्यमंत्री रहते हुए झारखंड के विकास के लिए कई कार्य किये है। उन्होंने कहा आज उनकी छवि विकास पुरुष की है। कहा कि रघुवर दास भाजपा के दो बार प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी संगठन क्षमता व कुशल नेतृत्व का परिचय दिया है।

### तमाड़ के व्यावसायी का निधन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के जाने-माने व्यवसायी कोडी लाल साहू का गुरुवार की सुबह तमाड़ में निधन हो गया। 85 वर्षीय कोडी लाल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शाम को गागरसतिया नदी पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके नाती प्रिंस गुप्ता ने मुखाग्निी दी। वे अपने पिछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उनके निधन से तमाड़ शोक में डूब गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### झारखंड अंडर-19 फुटबॉल टीम में हुआ पंकज उरांव का चयन



बुंडू (आजाद सिपाही)। रमेश सिंह मुण्डा स्मारक प्लस 2 उच्च विद्यालय के 11 वीं के छात्र पंकज उरांव का चयन झारखंड अंडर-19 फुटबॉल टीम में हो गया है। गुरुवार को टीम जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हो रही है। ज्ञात हो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से अंतर राज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर में आयोजित हो रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी नीलमणि सोरेंग खेल शिक्षक भूपेंद्र कुमार, कार्तिक प्रमाणिक, यशपाल कुमार सहित बुंडू क्षेत्र में युवा उत्साहित है। सभी ने पंकज उरांव के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### खेलो झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चार खिलाड़ियों का हुआ चयन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। राय के गणेश स्पोर्टिंग क्लब की चार एथलेटिक्स खिलाड़ियों का खेलो झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव सह संस्थापक गणेश कुमार महतो ने बताया कि रांची में 28 से 30 अक्टूबर तक होने वाले खेलो झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए गणेश स्पोटिंग क्लब राय की चार बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियो का चयन किया गया है। चयनित होने वाले गणेश स्पोटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियों मे रानी कुमारी, अनोखी कुमारी, रूबी कुमारी एवं सीमा कुमारी शामिल है। उक्त बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियो के चयन पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने उज्वल भविष्य कामना की है। साथ ही बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की है। कहा कि चयनित सभी खिलाड़ी एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। कई मेडल जीतकर कोयलांचल का नाम रोशन कर चुके हैं।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एक जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के लिए चुनाव आयोग द्वारा जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गये हैं। इसके तहत 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। 27 अक्टूबर से नौ दिसंबर तक दावा और आपत्ति दाखिल किये जायेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्र ने दी। वे गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 28-29 अक्टूबर और 4-5 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और पता बदलने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाये जायेंगे। पांच जनवरी 2024 को मतदाता सूची के अंतिम प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का व्यापक प्रचाार-प्रसार किया जायेगा। मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और पता परिवर्तन के संबंध में कार्य करेंगे।



### 12 मतदान केंद्रों के भवन में होगा परिवर्तन

जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर खूंटी संसदीय क्षेत्र के 12 मदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन किया जायेगा। इनमें तोरपा विधानसभा क्षेत्र के नौ और खूंटी विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्र शामिल हैं। चुनाव आयोग ने इसकी अनुमति दे दी है। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की पहल और निर्देश पर फेसबुक, ट्विटर आदि पर एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान 27 अक्टूबर को सुबह 11 से 12 बजे के बीच चलाया जायेगा। मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। बताया कि 27 अक्टूबर को सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे। ऐसे में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं, विभिन्न वर्गों के सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और छात्र-छात्राओं से अपील की जा रही है कि वे अपने बूथ पर मौजूद अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सेल्फी लेकर सुबह 11 से 12 बजे के बीच अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस हैशटैग के साथ पोस्ट करें। कहा कि उक्त अभियान न केवल मतदाता जागरूकता के लिए सहयोगी साबित होगा, बल्कि पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे सभी बीएलओ का मनोबल बढ़ेगा।

## हेमंत सरकार गांव-टोला-मोहल्ला को जोड़ने के लिए बिछा रही सड़क का जाल: विधायक

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दलकडीह गांव में 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। विधायक ने कहा की हमारी सरकार राज्य के हर पंचायत के गांव टोला मोहल्ला को जोड़ने के लिए सड़क का जाल बिछा रही है। हेमंत सरकार ग्रामीणों के अनुरूप विकास की योजना चला रही है। इस दौराव विधायक ग्रामीणों से मिले और समस्याओं को जाना। साथ ही उनकी मांगों पर अमल करने का आश्वासन भी दिया। मौके पर शिबू प्रजापति, कलेश्वर मुंडा, उमेश महतो, प्रदीप मुंडा, अरविंद कुमार, बाला महतो, प्रदीप महतो, गुला महतो, मालिन महतो और बसु सेठ आदि मौजूद थे।



## सबके सहयोग से बुंडू को बेहतर अनुमंडल बनाने का करूंगा प्रयास : संदीप अनुराग




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ बुंडू के वरिष्ठ भाजपाईयों ने अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो से औपचारिक मुलाकात कर शॉल ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाते हुए विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ने कहा कि वे सबके सहयोग से बुंडू अनुमंडल को एक बेहतर अनुमंडल बनाने का प्रयास करेंगे। सरकार की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस कार्य के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा है। वहीं, मुलाकात करने वालों में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य रंजित लाहेरी, भाजपा रांची जिला मंत्री गणेश कुम्हार, बुंडू नगर मंडल के अध्यक्ष आलोक दास, महामंत्री सुबोध मुखर्जी, तमाड़ भाजयुमो के दिनेश साहू, अंगद महतो आदि शामिल थे।

**मुखिया मेला में धू-धू कर जला रावण, देखने के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भारी भीड़**

# इंसान जात-पात से नहीं, कर्म से बनता है बड़ा : प्रदीप बालमुचू

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के आंचुडीह नदी तट पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर सारजमडीह शक्ति क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से मेला सह रावण दहन का आयोजन किया गया। मुखिया मेला विगत 26 वर्षों से प्रत्येक वर्ष दशहरा के दूसरे दिन आयोजित की जाती रही है। मेले का शुभारंभ कांग्रेसी नेता रोशन महतो ने किया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मुंडा, इंस्पेक्टर प्रशांत भूषण, तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा, रिशु कुजूर, माकपा नेता सुरेश मुण्डा, रामधन मछुवा, कांग्रेसी नेता हशिब अंसारी, संतोष नायक, कांग्रेस नेत्री अरुणा मिंज, अलिब सुरीन, अमित खलखो, समाजसेवी श्यामल नायक और राजेश रूंडा आदि शामिल हुए। अपने संबोधन में प्रदीप बालमुचू ने कहा कि कोई भी इंसान जात पात से नहीं, बल्कि कर्म से बड़ा बनता है। उन्होंने सभी से अपने अंदर के छिपे रावण का अंत कर राम का अनुसरण करने की बात कही। वहीं, कांग्रेसी नेता रोशन महतो ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसलिए जरूरी है कि हमारे अंदर बुराई रूपी रावण का अंत कर अच्छाई की राह पर चले। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मुंडा ने कहा कि हम सभी को अहंकार त्याग कर प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की सिख रावण दहन से मिलती है। इंस्पेक्टर प्रशांत भूषण और थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने सभी को दशहरा की बधाई दी। वहीं, मेले के संस्थापक देव कुमार पांडे ने कहा कि आसुरी शक्तियों को नष्ट करना ही रावण दहन का मुख्य उद्देश्य है। जिला अध्यक्ष अमरनाथ मुण्डा और रिशु कुजुर ने कहा कि मुखिया मेला पूरे पांच परगना की जनता के बीच काफी प्रसिद्ध है। माकपा नेता सुरेश मुण्डा और रामधन मछुआ ने मुखिया मेला की खुब सराहना की। इस दौरान अतिथियों ने सामूहिक रुप से असत्य पर सत्य की जीत के रूप में अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया गया। मौके पर युवा कांग्रेस के विनीत सिंह, त्रिलोचन मुण्डा, राजेश मुण्डा, लखिंदर लोहरा, उमेश महतो, मनोरंजन साहू, गुरुचरण मुंडा, ललित नारायण साहू, गुड्डू महतो, पुरेनदर महतो, राणा पाल, अजय महतो, रोशन कामती और हिमांशु कुजूर आदि मौजूद थे। वहीं, मुखिया मेले को सफल बनाने में आशीष पांडे, अनंत सेठ, मुचीराम हजाम, जोमेन सेठ, पियूष पांडे, शिवनंदन प्रमाणिक, बिनीत पांडे, गोबरधन सेठ, विवेक पांडेय, सोहित हजाम, प्रतिक पांडे, रुपलाल सेठ, भक्तराज पांडे, सौरभ मिश्रा, रिसभ मिश्रा, सोहन मुण्डा आदि की भूमिका सराहनीय रही।



# राज्य स्तर पर सांस्कृतिक पहचान है मुड़मा जतरा: शिल्पी

**मुड़मा जतरा मेला को सुगमता और सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिये।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** आगामी 30 और 31अक्टूबर को लगने वाले ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति मुड़मा की बैठक पड़हा भवन स्थित सभागार में सदर एसडीओ दीपक दुबे की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को की गयी। इसमें मुख्य रूप से मेला संचालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें बिजली की समुचित व्यवस्था, पानी की समुचित व्यवस्था, खराब पड़े चापा नलों की मरम्मती मेला, परिसर में घुसने वाले सहायक सड़कों में ट्रैफिक की व्यवस्था, जतरा स्थल में पुलिस कैंप की व्यवस्था, बिजली, पानी, चापानल मरम्मती, ब्लीचिंग छिड़काव, ट्रैफिफ व्यवस्था, गड्ढों की भराई, स्वंसेवकों के खाने की व्यवस्था, असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस बल, जतरा स्थल से 25 किलोमीटर तक शराबबंदी, सी सी टीवी और ड्रोन कैमरा, वॉच टॉवर समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही फायर ब्रिगेड की सुविधा, स्वास्थ्य शिविर समेत पाड़के पाहन, 500 सेट धोती की व्यवस्था की मांग और प्रत्येक धर्मगुरू को 1000 हजार रुपए की मांग की गयी। पड़हा कार्यकर्ताओं के लिए पुलिस्त्रमित्र अंकित 1000टी शर्ट की भी व्यवस्था करने की आग्रह किया गया। एस डी ओ ने जतरा संचालन के लिए सभी जरूरतों को पूरा कराने की बात कही और विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला से पहले अभी आवश्यक चीजें पूरी की जाय। मुड़मा जतरा मेला को सुगमता और सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर अपनी बात रखते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा के लिए गर्व की बात है कि यहां पर दो राजकीय मेला का आयोजन किया जाता है। इसे सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में पहचान मिला हुआ है। ये देखकर और खुशी होती है कि मेला के संचालन में सभी संप्रदाय के लोग सहयोग देते हैं, यह काफी सराहनीय है। उन्होंने सुझाव भी दिया कि अगले वर्ष से पहले से तैयारी की जाय। साथ ही सरकारी सहायता को बढ़ाने की जरुरत की भी बात कही। समापन समारोह में झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। बैठक का संचालन मांडर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने किया। बैठक में धर्मगुरु बंधन तिग्गा, ग्रामीण एस पी मनीष टोप्पो, डी एस पी अंकिता राय, इंस्पेक्टर संजीव ठाकुर, थाना प्रभारी विनय यादव, प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, चिकित्सा प्रभारी किशोर कुल्लू, पेयजल अभियन्ता, उप प्रमुख अमानत अंसारी, आबिद अंसारी, अमिताभ, शमीम आजाद, रंथू, अनिल, शाकिर इस्लाही, जिला परिषद सदस्य विनोदित तिग्गा, रबूल अंसारी , शनि उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आउटरिच कैंपेन अकेले नहीं हैं आप के तहत डालसा ने अनगड़ा मे चलाया जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** माननीय न्यायामूर्तिएस चंद्रशेखर कार्यकारी अध्यक्ष झालसा के द्बारा परिकल्पित 100 दिनी आउटरिच योजना के तहत गुरूवार को अनगड़ा के गोंदलीपोखर बाजार में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एलएडीसी अधिवक्ता कविता काथी, पीएलवी लता कुमारी, बेबी सिन्हा, मुन्नी देवी, शीला देवी, युधिष्ठिर महतो एवं तारा मिंज द्बारा लोगों को बच्चों से संबंधित कानून जैसे जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट आदि की जानकारी दी गयी। मौके पर एलएडीसी कविता काथी ने बाल विवाह के रोकथाम के लिए विस्तार से चर्चा की तथा बाल विवाह अधिनियम से लोगों को अवगत कराया। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया गया। पीएलवी बेबी सिन्हा एवं लता नें सड़क दुर्घटना से संबंधित कानून, पीएलवी मुन्नी देवी व शीला ने घरेलू हिंसा कानून तथा तारा मिंज एवं युधिष्ठिर महतो ने जमीन संबंधी विवाद के बारे में अवगत कराया।

पीएलवी ने वृद्धा पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा लोगों से इसका लाभ लेने को कहा।

# संकल्प यात्रा को सफल आयोजन को लेकर की बैठक

**छह विधानसभ क्षेत्रों के कार्यकर्ता व नेता शामिल होंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** हरमू मैदान में 28 अक्टूबर को आयोजित संकल्प यात्रा सभा की सफलता को लेकर गुरुवार को भाजपा खिजरी मंडल की बैठक मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुयी। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा और संचालन गोरखनाथ सिंह ने की। बैठक में मुख्य रुप से प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि हरमू मैदान में होने वाले संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। जिसमें छह विधानसभ क्षेत्रों के कार्यकर्ता व नेता शामिल होंगे। उन्होंने संकल्प यात्रा के समापन में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की बात कही। वहीं, देश के आजाद हिंद फौज के इंटेलिजेंट ग्रुप-2 के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर बानेश्वर राय की प्रतीमा अनावरण पर चर्चा की गयी।

बैठक के सफल आयोजन में मुख्य रुप से मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, स्वतंत्रता सेनानी पौत्र सह मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय, सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, भाजपा नेता रितेश उरांव, गोरखनाथ सिंह, हरीश गंझू, तुलसी गोप आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने पिस्टल के साथ चार अपराधियों को पकड़ा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम पुलिस ने देशी रिवाल्वर और दस गोली के साथ चार अपराधियों को पकड़ा है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने गुरुवार को जानकारी देते हुये बताया कि बुधवार को पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर सदाबहार चौक स्थित हिन्द मोटर्स गैरेज में कुछ असामाजिक तत्व अवैध हथियार एवं गोली के साथ बैठे हुये है। जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर सभी चारों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गये अपराधियों में चायबगान निवासी रामनंदन रजक के पुत्र दिलीप रजक, गुरूटोली निवासी स्व. अनिल कुमार घोष के पुत्र अमरकांत घोष, ग्वाला टोली डोरंडा निवासी मो. इब्राहीम के पुत्र मो. शहबाज अंसारी एवं स्व. मो. तैयब अंसारी के पुत्र मो. इब्राहीम शामिल है। अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस ने छानबीन कर गैरेज के अंदर अलमीरा से एक रिवाल्वर और दस गोली बरामद किया है। छापेमारी दल में सहायक पुलिस अधीक्षक मुमल राजपुरोहित, नामकुम थाना प्रभारी सुनील, बोअस मुंडू, बबलू, अविनाश राज सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# सोहराय जतरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन को लेकर बैठक आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखण्ड अंतर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी अम्बाटुंगरी में अगामी 15 नवम्बर को सोहराय परब के उपलक्ष्य में सोहराय जतरा सह पारम्परिक सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन को लेकर गुरूवार को अम्बाटुंगरी में ग्रामिणों की बैठक सोहरैया बेदिया की अध्यक्षता में हुई । बैठक में हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी 15 नवम्बर को सोहराय परब के अवसर पर भव्य तरीके से जतरा एवं अपनी सांस्कृतिक परंपरा पहचान को बचाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी बनाई गई जीसमें अध्यक्ष-बालेश्वर बेदिया, सचिव-सोहरैया बेदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र बेदिया, मुख्य संरक्षक राजेन्द्र शाही मुण्डा जिप सदस्य अनगड़ा, सहदेव मुखिया कुच्चू, जोन तिग्गा पंसस कुच्चू, डॉ० शचिमोहन कुमार पूर्व उपमखिया कुच्चू, जयदेव बेदिया ग्राम प्रधान हुण्डरु, जयशंकर पहान ग्राम प्रधान कुच्चू, आकला कुम्हार, प्रमेशवर बेदिया, अघनू बेदिया आदि को सामील किया गया है।

# धू-धू कर जला रावण, बुराई के प्रतीक का अंत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के ऐतिहासिक ईईएफ मैदान में दशहरा समिति टाटीसिलवे रांची के द्वारा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि आरएसएस प्रांत प्रमुख गोपाल जी के द्वारा बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को जलाया गया। दशहरा उत्सव के दौरान 60 फीट ऊंचा रावण और 55 फीट ऊंचा कुंभकरण का पुतला 35 सैकंड में धूं धूं जलकर राख हो गया। पूरा वातावरण प्रभु श्रीराम के जयजयकारों से गुंजायमान हो गया। शाम 6:57 बजे पुतले को आग लगाते ही आतिशी धमाके गूंज उठे। इससे पूर्व बंगाल से आये आतिशबाजों द्वारा आतिशबाजी का नजारा पेश किया गया। आसमान में सतरंगी आतिशी नजारे बिखरने लगे। पुतला दहन आतिशबाजी देखने के लिये मैदान में हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुये। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस चांसलर सरला बिरला यूनिवर्सिटी डॉ गोपाल पाठक, डॉ अमर चौधरी, सीए हरनाम सिंह, भाजपा नेता जैलेंद्र, भाजपा नेता संजीत, कर्नल बीके सिंह, आरएसएस के रविंद्र तिवारी, आशुतोष मिश्रा, मंटू जी, विशाल जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दशहरा समिति के अध्यक्ष शंकर साहू, मनेश महतो, मुखिया कृष्णा पहान, नूतन पाहन, सोहन, बृजेश, राजेंद्र प्रमाणिक, मनोरंजन, मीडिया प्रभारी अमन, गोविंद, समिति के सदस्यगण शामिल थे।

# नगड़ी टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों के निजी वाहन फ्री होंगे उनसे वसूली नहीं होगी

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिस्कानगड़ी।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने ग्रामीणों व ऐनऐचऐआई के अधिकारियों की उपस्थिति में इस बात को रखा कि स्थानीय लोगों से किसी भी सूरत में वसूली नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों और टोल टैक्स कांट्रेक्टर ने इस बात पर सहमति जताई। पिस्कानगड़ी के चौली पतरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में टॉल प्लाजा बन कर तैयार हो गया है और 25 अक्टूबर से टॉल टैक्स वसूली प्रारम्भ हो चुकी है.इससे नगड़ी और इटकी लोगों में भारी आक्रोश देखा गया लोगों कुछ देर के लिए टोल प्लाजा परिसर के रोड़ में धरना देने के लिए बैठ गये पर नेताओं ने उन्हें समझाकर हटा लिया । .इस संबंध में ग्रामीणों का कहना था कि टॉल टैक्स वसूली से पूर्व स्थानीय लोगों की जो समस्या है उसे भी सुना जाना चाहिये लेकिन ऐसा एन एच आई के अधिकारियों ने इसे अनदेखा कर टैक्स वसूली का काम प्रारम्भ कर दिया। इससे आक्रोशित लोगों ने टॉल प्लाजा के समीप इकठ्ठा होकर खूब हंगामा किया. घटना की सूचना पर बंधु तिर्की, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजयनाथ शाहदेव, जिप सदस्य नगड़ी बजरंग महतो,शाहिद अहमद ने एन एच आई के वरीय लोगों से वार्ता के बाद इन्होंने बताया कि नगड़ी और इटकी के दोपहिया, तिनपहिया और चार चक्का वाली वाहन का टैक्स नहीं लगेगा. लेकिन ग्रामीणों का मांग है कि नगड़ी और इटकी से चलने वाली सभी प्रकार के वाहन का टॉल टैक्स फ्री करने की जाय, किसानों की सब्जी को टॉल टैक्स से मुक्त किया जाय.टॉल प्लाजा में कार्यरत कर्मचारियों का आचरण अच्छा होना चाहिये। इसके साथ ग्रामीणों ने कहा कि टोल प्लाजा में स्थानीय लोग को काम भी मिलना चाहिये। उपरोक्त मांग को लेकर नगड़ी और इटकी प्रखंड के चार चार ग्रामीणों का प्रतिनिधि बंधु तिर्की के नेतृत्व में एन एचआई के पदाधिकारियों से इन समास्याओं से संबंधित बात करेंगे।

# खेलगांव में बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

## क्षेत्रक मुजफ्फरपुर की टीम बनी विजेता




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी के तत्वावधान में ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित दो दिवसीय अंतर क्षेत्रक बैडमिंटन टूनार्मेंट का खिताब क्षेत्रक मुजफ्फरपुर की टीम ने जीत लिया। गुरूवार को हुए फाइनल भिड़ंत में मुजफ्फरपुर की टीम ने क्षेत्रक पुर्णिया को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बाद में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि मेगा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स खेलगांव के मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरिश कुमार राठौर ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए आगे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रर्दशित करने को लेकर शुभकामनाएं दी। मौके पर एसएसबी 26वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार, उपकमांडेंट सुनील, अनुराग, सहायक कमांडेंट संजीव सहित अन्य बलकर्मी व खिलाड़ी मौजूद थे।

# आइएचएम का एक और महत्वपूर्ण कृतिमान, शिक्षाविदों ने लिखित पाठ्य पुस्तक का किया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** एचसीएचएमसीटी, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 26 से 27 अक्टूबर तक सोशल इकनॉमिक एंड जेंडर इनक्लूसिवनेस इन टूरिज्म थीम पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में, पर्यावरण अध्ययन विषय पर आईएचएम रांची के शिक्षाविदों द्वारा लिखित नयी पाठ्यपुस्तक का अनावरण हुआ। इस अवसर पर ज्ञान भूषण, आईईएस, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार और सीईओ एचसीएचएमसीटी, प्रोफेसर कार्तिक नमसिवायम, स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी बिजनेस, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, संयुक्त राज्य अमेरिका, डॉ कॉलीन टेलर सेन, भारतीय व्यंजन पर विशेषज्ञता रखने वाली इतिहासकार, और मेविन सीबह, मैरिएट मॉरिशस होटल्स के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, मॉरिशस, समेत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और प्रतिभागियों की मौजूदगी रही। डॉ भूपेश कुमार, प्राचार्य, आईएचएम रांची, और रवि कुमार, वरिष्ठ व्याख्याता, आईएचएम रांची, के द्वारा लिखी गई यह पाठ्यपुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ऐनइपी) और राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और केटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) के सिलेबस के अनुरूप है जो की अकादमिक सत्र 2023 में एनसीएचएमसीटी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के बीच हुए समझौते का परिणाम है। लेखकों के अनुसार यह पाठ्य पुस्तक ना केवल नवीनतम सिलेबस के अनुसार समग्र कवरेज करती है बल्कि वास्तविक दुनिया के उदाहरण, केस स्टडीज, प्रैक्टिकल गाइडलाइन्स, वैश्विक दृष्टिकोण, अन्तर्विज्ञानी पहलु, और संवेदनशील प्रथाओं का विकास में योगदान हैं इसे विशेष तौर पर खास बनाता है। यह परिस्थितिकी अध्ययन में विश्वस्त ज्ञान प्रदान करने का वादा करती है, जो पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में शोधार्थियों, छात्रों, और भविष्य और वर्तमान के पेशेवरों के लिए एक अमूर्त्य संसाधन होगी, जो पर्यावरण अध्ययन की पूर्णता की समझ को प्रोत्साहित करेगी। डॉ भूपेश कुमार, प्राचार्य आईएचएम रांची, ने प्रकाशक के प्रति अपना आभार जताते हुए झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग और एनसीएचएमसीटी के निरंतर समर्थन की सराहना की। उन्होंने लेखक के प्रयासों की प्रशंसा की, जिन्होंने एक ऐसी किताब तैयार की है जो भारत सरकार की नवीनतम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार वक्त की मांग है। उन्होंने जोर दिया की आईएचएम रांची भविष्य में भी शोध और विकास के क्षेत्र में अपना प्रयास एवं प्रयत्नशीलता जारी रखेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बस्ती में गुरुवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि महादेव कुजूर,रंजन गुप्ता, रमेश भगत,बुदू उरांव व बिमल भगत ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मृतक सूरज बड़ाईक के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही खाद्य सामग्री सहयोग किया। वहीं महादेव कुजूर ने कहा कि आप के हर सुख-दु:ख में सदैव आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर मृतक की मां लीलवा देवी, पूनम देवी, सरिता, प्रतिमा, संगीता, विनय टोप्पो, राहुल गोप मौजूद थे।

# 29 को कार्तिक उरांव की जयंती



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक विशु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को महान जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के कार्यक्रम को भव्य पूर्वक मनाने व जतरा को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा देश के महान राजनेता शिक्षाविद की जयंती पूरे झारखंड में मनाई जाती है। जिसके तहत बेड़ो में भी इस वर्ष से झारखंड एवं देश के महान विभूति स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई जायेगी। साथ ही पारंपरिक खोड़ा दलों के साथ जतरा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से इस जयंती समारोह सह जतरा को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर सुके उरांव, मंगरा, उरांव, बंधना उरांव, रोपना, गंदुर,चुमानी शंकर बड़ाइक सहित कई लोग मौजूद थे।

# बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरु मेला संपन्न



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरु मेला गुरुवार को संपन्न हो गया। मेला का उद्घाटन बीडीओ धीरज कुमार,प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहु, जिप सदस्य रामजीत गंझु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने किया। मेला में बुढ़मू समेत खलारी, चतरा, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदगा समेत अन्य जगहों से हजारों मेलार्थी शामिल हुए। मेला में मेलार्थियों ने कृषि उपकरण, मिठाई, ईख समेत घरेलू समानो की जमकर खरीदारी किया। मेला में आयोजन समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसका दर्शकों ने देर शाम तक लुत्फ उठाया। **अब शुरू होंगे मांगलिक कार्य :** क्षेत्र में गुतरु मेला के बाद ही शादी समेत अन्य कार्य आरंभ होते हैं। क्षेत्र में परंपरा है कि गुतरु मेला में ही लड़का व लड़की को शादी के लिए देखने की परंपरा होती है। आज के समय मे भी यह परंपरा चलती आ रही है। मेला में विधि व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी कमलेश राय संभाले हुए थे। मेला के सफल आयोजन में समिति के राहुल कुमार, संदीप कुमार, मधुसुदन पाहन, शिवचरण महतो, नागेश्वर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# बेड़ो के नये सीओ ने दिया योगदान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अंचल के नए अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने गुरुवार को योगदान दिया। इधर पूर्व बीडीओ सह सीओ सुमंत तिर्की ने उन्हें पदभार सौंपा। सीओ सुमंत तिर्की का स्थानांतरण कोडरमा जिला में एलआरडीसी के पद पर हो गया है। वहीं मौके पर अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पूरे प्रखंड क्षेत्र में दशहरा पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। लोग दस दिनों तक पूरे भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा का आराधना किये नवमी और विजयदशमी के दिन पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से लेकर रात तक देखी गयी। इस दौरान प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त नजर आए विजयदशमी के दिन कई पंडालों में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया लोग भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया एवं मां का दर्शन भी किये विजयदशमी के दिन मिलन मंदिर क्लब एवं बजरंग दल में बंगाली समुदाय के महिलाओं के बीच सिंदूर खेला भी किया। इधर ताऊ मैदान में असत्य पर सत्य की जीत को लेकर रावण दहन किया गया इस अवसर पर तमाड़ विधायक ने रावण दहन किया। मौके पर बुंडू एसडीओ बुंडू डीएसपी बुंडू का सीओ तमाड़ सीओ तमाड़ जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे।

# बेड़ो में सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी व बेड़ो थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात लगभग साढ़े सात बजे दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के पांडेपारा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये घायलों में 21वर्षीय जोसेफ मिंज पिता रंजीत मिंज 19 वर्षीय संदीप उरांव पिता कईला उरांव व 18 वर्षीय राजू उरांव पिता सोमा उरांव तीनों लोयो मांडर निवासी है। वहीं दूसरी घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी पेट्रोल के समीप इडरी बेड़ो गांव निवासी 18 वर्षीय नागेंद्र गोप पिता नुरेश गोप बाइक के असंतुलित होकर गिरने से घायल हो गए। चारों घायलों को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा काजल के देखरेख में इलाज किया गया।

# दुर्गा पूजा समिति ने चलाया सफाई अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति गेतलसूद के सदस्यों ने गुरूवार को श्रमदान करके गेतलसूद मैदान की साफ-सफाई की। इसका नेतृत्व समिति के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने की। बुधवार को रावण दहण कार्यक्रम को लेकर पूरे मैदान में जगह जगह गंदगी फैली हुई थी। मेला में लगाये गये अधिकांश दुकानदारों ने गंदगी को मैदान में ही छोड़ दिया था। श्रमदान करनेवालों में मुख्य रूप से बिगेश्वर महतो, मंगल भोगता, राजकुमार बैठा, धर्मवीर नायक, रंजीत उरांव, सोनू उरांव सहित अन्य शामिल थे।

## हादसा : ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ को किया जाम

# दो बाइक की भिड़ंत, एक की मौत

इसी हादसे में चार अन्य घायल, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू)।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के उड़हुलिया गांव में गुरुवार को दो बाइक के बीच हुई टक्कर में एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जैतुखाड़ गांव निवासी सोनू पासवान (20) के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में चार अन्य घायल भी हो गए। उनमें से एक की पहचान टिंकू कुमार के रूप में हुई है, जो मृतक का भाई है। जानकारी के अनुसार एक बाइक लेस्लीगंज की ओर जा रही थी, जबकि दूसरा डालटेनगंज की ओर जा रहा था। दोनों बाइक की गति कथित रूप से काफी तेज थी। जिस कारण उड़हुलिया ढलान के समीप गाड़ी अनियंत्रित होने से दोनों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। वहीं, जिस समय हादसा हुआ पांकी के विधायक वहां से सड़क मार्ग से गुजर रहे थे। तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और सभी गालों को इलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल ले गये।

**अस्पताल प्रबंधन पर भड़े विधायक :** विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी सीएस घर में सोए रहे। दो घंटे तक उनका अस्पताल में नहीं आना संवेदनहीनता को दर्शाता है। विधायक ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था लचर है। घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रैचर तक नहीं मिली। वे खुद ट्रॉली को टांग कर मरीज को भर्ती कराए हैं। कहा कि उनके कार्यशैली और अस्पताल की व्यवस्था को लेकर वे विभागीय मंत्री बना गुप्ता से बात करेंगे।

## अस्पताल में लोग तड़प रहे और घर में सो रहे सिविल सर्जन : विधायक



दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग व पुलिस कर्मी।

### बिट्टू सिंह ने विधायक पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप

इधर, शव को जमुने पहुंचते ही आसपास के ग्रामीणों एकत्र हो गए। उनलोगों ने शव को सड़क पर रखकर पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ को पूरी तरह से जाम कर दिया। वहीं, प्रदर्शन कर रहे लोगों के समर्थन में पहुंचे पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने पांकी विधायक पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया है। कहा कि एक तरफ लोग जहां इलाज के लिए तड़प रहे हैं वहीं पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता मामला रफा दफा करने के लिए शव को जल्दी-जल्दी पोस्टमार्टम करवाने में लगे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विधायक मेहता के आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बस से धक्का लगा है। कथित रूप से दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने इसकी जानकारी दी है। उधर, घटना का पता चलते कि घायलों के परिजन और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर स्थानीय विधायक एवं उनकी स्कूल बस पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने लगे। साथ ही मृतक परिजनों को उचित मुआवजा एवं घायलों के इलाज के इलाज का समूचित खर्च देने की मांग पर अड़े हुए थे। सामाचार लिखे जाने तक लोगों के प्रदर्शन के चलते पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ जमुने पूरी तरह से जाम था।

### यमुना एक्सप्रेस वे दुर्घटना : हादसे में घायल तीनों बच्चों ने एक-एक कर तोड़ा दम, मातम

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। यमुना एक्सप्रेसवे पर विगत 20 अक्टूबर की रात रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल तीनों नाबालिग बच्चों ने एक के बाद एक करके अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही हादसे में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। उक्त कार में चालक समेत कुल आठ लोग सवार थे। विदित हो कि हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत कचरा गांव निवासी उपेंद्र बैठा और विजेंद्र बैठा परिवार के साथ रामप्रीत दक्षिणी दिल्ली के मदनपुर खादर इलाके में रहते थे। रिश्तेदार की मौत होने पर दोनों भाई परिजनों के साथ कार से गांव आ रहे थे। इसी दौरान विगत शुक्रवार की रात करीब एक बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर जीरो प्वाइंट से 25 किमी आगे आगरा की तरफ जाने वाली लेन पर अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी थी। हादसे में बिजेंद्र बैठा उनकी पत्नी कांति देवी, बेटी ज्योति और उनके बड़े भाई उपेंद्र बैठा व कार चालक सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे में घायल बिजेंद्र के पुत्र आर्यन व आयुष और उपेंद्र के पुत्र सूरज को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। परिजनों के अनुसार सोमवार रात अस्पताल में आर्यन की मौत हो गई थी। मंगलवार को सूरज ने भी दम तोड़ दिया। जबकि आयुष की बुधवार की रात मौत हो गयी। इस हादसे में बिजेंद्र बैठा के पूरे परिवार की मौत हो गयी।

# अपने अंदर के रावण को जलाने की है जरूरत : कौशल किशोर

पर्यावरणविद की ओर से आयोजित मेला एवं भक्ति जागरण का जिला पार्षद व मुखिया ने किया शुभारंभ

- छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार के कौशल नगर अकेला मैदान में 50 फिट का बना था रावण का पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, उनकी पत्नी पूनम जायसवाल और पुत्र सह जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने नवरात्र के समापन पर डाली बाजार के कौशल नगर स्थित अकेलवा मैदान में आयोजित मेला व भक्ति जागरण का शुभारंभ किया। जिला पार्षद ने अपने क्षेत्र में शुक्रवार को करीब तीन करोड़ रुपये की लागत वाली कई योजनाओं का शिलान्यास करने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 से इस मैदान में उनके पिता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल की ओर से मेला व रावण का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों लोग शामिल होते हैं। वहीं, पर्यावरणविद कौशल किशोर ने कहा कि रावण का पुतला दहन के बाद लोगों को अपने अंदर के रावण रूपी अहंकार को जलाने की जरूरत है तभी हम समाज में अकता और शांति-सौहार्द का वातावरण कायम कर सकते हैं। उन्होने कहा कि आज भी रावण जैसे लोग समाज को तोड़ने और अशांति फैलाने के लिए खुलेआम घूम रहे है। जिसे हमें पहचानने की जरूरत है। कार्यक्रम में लोक कलाकार शिव कुमार चौधरी, शिशिर शुक्ला व चांदनी सिंह ने अपनी मधुर वाणी और कला का जलवा बिखेर एक से बढ़कर एक गीत-संगीत पेश किया। कार्यक्रम में महेजर यादव, जायसवाल टिंबर के प्रो अरुण कुमार जायसवाल, पंसस शहाबुद्दीन अंसारी, अल्पना देवी, गीता देवी, उप मुखिया नगीना खातून ने लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए वर्षों से कौशल नगर में पर्यावरणविद कौशल किशोर द्वारा निजी खर्चे पर लगाया जा रहे मेला व भक्ति जागरण की सराहना की। इस अवसर पर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम जी प्रसाद, सचिव श्रवण जायसवाल, कोषाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, संरक्षक रामजन्म यादव, कौशल नगर में मेला व संस्कृत भक्ति जागरण कमेटी के अध्यक्ष पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिव जुबेर अंसारी, कोषाध्यक्ष बाबूराम उपाध्यक्ष गुलाम गौस, संरक्षक सूचित जायसवाल, राम लालू प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, संजय यादव, मनोज यादव, देवराज विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सुमित जायसवाल, रॉकी कुमार, अमन कुमार, मनोज विश्वकर्मा, श्याम नारायण सिंह, ईश्वर यादव, रामजन्म यादव, दीनानाथ प्रसाद, डॉ महेंद्र राम, विनोद यादव, धर्मदेव यादव, शिवनाथ राम, अवधेश राम, विनोद राम, कैलाश यादव, विजय सिंह, विशु देव सिंह, मुंतजिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों ने कार्यक्रम में मचाया उत्पात, नहीं माफ करेगी जनता: जिला पार्षद

जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल की क्षेत्र में बढ़ती लोकप्रियता से वहां के कुछ लोग घबरा गये हैं। यही कारण है कि कार्यक्रम के दौरान कुछ असामाजिक तत्व नशे में धूत होकर तोड़फोड़ करने लगे। जिला पार्षद ने कहा कि यहां की जनता सब कुछ जानती है जिसका जवाद समय आने पर देगी। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो मेरी लोकप्रियता व क्षेत्र में बढ़ते जनाधार से घबरा गए हैं उन्हें यह कार्यक्रम रास नहीं आ रहा है। यही कारण है कि कार्यक्रम के बीच में आकर अशांति फैलाने की नापाक कोशिश किया लेकिन यहां के लोगों ने संयम से काम लेते हुए उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। जिला पार्षद ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वैसे लोग अगर अपनी हरकत से बाज नहीं आते हैं तो समय पर उन्हें मुहतोड़ जबाब भई दिया जाएगा।

## क्षेत्र का एक भी गांव नहीं रहेगा सड़क विहीन : कमलेश सिंह



- विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास
- आजादी के 76 वर्षो बाद मुख्यालय से जुड़ेगा कभी अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहा डंडिला गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को डंडीला गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास किया। यह गांव आजादी के 76 वर्ष बाद भी सड़क सुविधा से वंचित था। लोग पगडंडियों के सहारे बगल के गांव आने के बाद बाजार हाट, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आते जाते हैं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहिन नहीं रहेगा। लगातार सड़क निर्माण के साथ ही विकास के अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। 2019 के पूर्व और 2019 के बाद का आकलन कोई भी कर सकता हैं। स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। इसके बाद विधायक ने भाई बिगहा में परता मोड़ पर पुलिया का निर्माण व निकाह भवन का जीर्णोद्धार कार्य का भी शिलान्यास किया। कहा कि जल्द ही बंशी पर गांव में अल्पसंख्यक भाइयों की सुविधा के लिए निकाह भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना के लिए राशि आवंटित कर दी गई है। उन्होंने दशहरा के उपलक्ष्य में अनुमंडल मैदान में शुक्रवार को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों को आने का आग्रह किया। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के जाने माने कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, संजय सिंह, दिलीप पाल, प्रमोद प्रजापति, बिमलेश सिंह, पप्पू सिंह, चंदन सिंह, सज्जू खान, जाफर हवारी, रमेश प्रजापति, यस विश्वकर्मा, सतेंद्र सिंह आदि थे।

## रिंकू व अनवर भाई बधाई के पात्र : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय शिवाजी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू चेंबर के कार्यकारी सदस्य रिंकू दूबे को हरिशचंद्र घाट में दाह संस्कार के लिए आधे कीमत पर विगत पांच वर्षों से लकड़ी उपलब्ध करने एवं चेंबर के कोषाध्यक्ष अनवर हुसैन को कोरोना कॉल से अब तक 93 लावारिस शव के लिए निःशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराने के लिए शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। अरुणा शंकर ने कहा कि समाज में ऐसे लोग प्रेरणादायक होते हैं। कहा कि कोरोना काल में जब लोग अपने परिजनों का दाह संस्कार किए बिना घाट पर छोड़कर भाग रहे थे उस वक्त रिंकू जी द्वारा अपनी जान जोखिम में डाल कर आधे कीमत पर लकड़ी उपलब्ध कराई गयी थी। तब जब झारखंड के दूसरे घाटों में 15 से 25000 रुपये तक दाह संस्कार के लिए लिया जा रहा था। यहां हरिश्चंद्र घाट में मात्र 2100 से 3500 रुपए लिये गये जो आज भी कायम है। अरुणा शंकर ने कहा कि कोरोना कॉल से आज तक अनवर भाई द्वारा थाना प्रशासन या किसी सामाजिक संगठन के रिक्वेस्ट पर निःशुल्क आज भी शव दाह किया जा रहा है जो आज भी कायम है। इस कार्य की जितना भी प्रशंसा की जाए कम है। प्रथम महापौर ने कहा कि कई चेंबर के सदस्यों ने भी इसमें आर्थिक सहयोग किए हैं जो बधाई के पात्र हैं। कहा कि राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था देख रहे चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा अग्रवाल को भी बधाई देती हूं। जिन्होंने अपनी देखरेख में घाट को व्यवस्थित एवं सुसज्जित रखा है। इससे निगम की अच्छी छवि बनती है।

### किशोरी ने की आत्महत्या

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के पोंची गांव में गुरुवार को तनु कुमारी (15) नामक किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार तनु बुधवार को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। गुरुवार की सुबह घर वालों ने देखा कि दुपट्टे के सहारे वह फंदे से लटकी हुई है। वह मैट्रिक की छात्रा थी और कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी। खबर पाकर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र के गुरहाकला गांव के रेल लाइन वाले रास्ते में पाठे टिकर के समीप 35 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव गुरुवार सुबह रास्ते से कुछ हटकर बिजली टावर के समीप औंधे मुंह पड़ा मिला। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार गुरुवार के अहले सुबह राहगीरों ने एक युवक शव देखा। उसकी कनपटी और पेट में गोली लगी थी। जिसकी सूचना रेहला पुलिस को दी गई। खबर पाते ही थाना प्रभारी नेमधारी रजक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने शव के पहचान और मामले के उद्भेदन के लिए अनुसंधान शुरू कर दिया है। मृतक की जेब में महज 20 रुपए था। इसके अलावा पहचान का कोई भी चीज उसके पास से नहीं मिला है। मृतक के पैर में हवाई चप्पल और कंधे पर केसरिया गमछा पड़ा हुआ था। कयास लगाया जा रहा है कि मृतक नजदीक के ही किसी गांव का होगा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 अक्टूबर को पलामू में युवाओं को देंगे ऑफर लेटर



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 अक्टूबर को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर देंगे। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजन कराने को लेकर डीसी शशि रंजन सक्रीय है। इसी के निमित उन्होंने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू एसपी, डीडीसी एवं जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने सभी पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। 31अक्टूबर के दिन सीएम पलामू प्रमंडल अंतर्गत कौशल विकास के तहत चार हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौंपेंगे वहीं नियोजन विभाग के तहत 600 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जायेगा। उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चियांकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। उन्होंने रूट लाइनिंग, सेफ हाउस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, वाहन पार्किंग, विधि-व्यवस्था सहित अन्य बिंदु पर विभिन्न निर्देश दिये। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आयुक्त के सचिव के रूप में अरविंद कुमार ने ग्रहण किया पदभार



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। अरविंद कुमार (झाप्रसे) ने गुरुवार को आयुक्त के सचिव पलामू प्रमंडल के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो थे, जिनसे वे पदभार ग्रहण किये। अरविंद कुमार झारखंड प्रशासनिक सेवा के द्वितीय बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में हजारीबाग में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य होगा।

### पूजा और नमाज की महत्ता एक समान : रामदास

नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ समाजसेवी सह पांकी विधानसभा क्षेत्र के नेता रामदास साहू ने कहा कि पूजा और नमाज की महत्व एक समान है। आप जिसको जिस जिस चश्मे से देखेंगे वह वैसा ही दिखाई पड़ेगा। समाज में जहर घोलकर जो लोग राजनेता बनना चाह रहे हैं उन्हें जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। वे दुर्गा पूजा महोत्सव के उपरांत पदमा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से पदमा में दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें दोनों संप्रदाय के लोग समान रूप से भाग लेते हैं और त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज कोई एक धर्म और एक मजहब से नहीं बनता है। सनातन धर्म सभी का सम्मान करता है और मानव से मानव को जोड़ने में विश्वास करता है।

## स्पोर्ट्स



बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुरुवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम 33.2 ओवर में 156 रन ही बना सकी। जबकि श्रीलंका की टीम ने 157 रन का लक्ष्य 25.4 ओवर में दो विकेट खोकर ही हासिल कर लिया।

### पांच में से 4 मैच हारे : निसांका-समरविक्रमा की सेंचुरी पार्टनरशिप

# डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड वर्ल्ड कप से लगभग बाहर, श्रीलंका ने 8 विकेट से हराया

एजेंसी



**बेंगलुरू।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड 33.2 ओवर में महज 156 रन बनाकर आउट हो गई। जबकि 157 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम ने दो विकेट खोकर 25.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर पथुम निसांका और सदीरा समरविक्रमा ने सेंचुरी पार्टनरशिप की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 122 बॉल पर 137* रन जोड़े। श्रीलंका से मिली हार के बाद इंग्लैंड पॉइंट्स टेबल के 9वें स्थान पायदान पर है, जबकि श्रीलंका 5वें नंबर पर आ गई है। इस हार के बाद भी इंग्लैंड वर्ल्ड कप से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है। उसके पास टॉप-4 में पहुंचने के कुछ मौके हैं। इंग्लिश टीम के खाते में 5 मुकाबलों के बाद एक जीत और 4 हार के बाद 2 अंक हैं। इंग्लैंड के 4 मैच बचे हैं। ऐसे में अगले सभी मुकाबले जीतने पर भी 10 अंक तक ही पहुंच सकती है।

### अब टॉप-4 में कैसे जा सकता है इंग्लैंड?

ऐसे में इंग्लिश टीम को टॉप-4 में प्रवेश करने के लिए दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। आज का मुकाबला गंवाने के बाद इंग्लैंड सेमीफाइनल में चौथे स्थान के लिए दावेदारी कर सकती है। उसका कॉम्प्टिशन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान से होगा। यहां से आगे बढ़ने के लिए इंग्लैंड को अपने शेष मुकाबले अच्छे नेट रन रेट के साथ जीतने होंगे। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया 4 में से 2 मुकाबले हार जाए, जबकि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका भी एक-एक मैच हार जाते हैं, तो इंग्लिश टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने के चांस रहेंगे।

### अंशु अग्रवाल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : नजीर अहमद

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के युवा समाजसेवी सह मानसरोवर मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर अंशु अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। सैकड़ो लोगों ने उनके तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अपने संबोधन में उनके मित्र और निवर्तमान वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा कि अंशु अग्रवाल शहर के युवाओं के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक मिशाल थे। वह सभी धर्मो के लोगों को अपने साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे। उनकी अचानक मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया था। युवा पीढ़ी के लोग उनका व्यक्तित्व से सिख लेकर अपने जीवन का विकास कर सकेंगे। मौके पर सुनील गुप्ता, रंजीत सिंह, सद्दाम हुसैन, प्रदीप पटेल, छोटू कुमार, गोलू कुमार, रवींद्र गुप्ता, उमेश तंबोली, अमित कुमार,मोनू कुमार, गोल्डन यादव आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिले पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह लोकसभा के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास के रांची के हटिया स्थित आवास पर मुलाकात जाकर मुलाकात की। इस दौरान विजयदशमी की बधाई के साथ ही ओडिशा का राज्यपाल बनने पर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट किया। इस दौरान पूर्व सांसद के साथ गोमिया साड़म मंडल के अध्यक्ष शिव शंकर दूबे भी थे। मौके पर दोनों के बीच बातचीत हुई। पूर्व सांसद ने कहा कि खुशी के साथ कार्यकर्ताओं में अपने अग्रज नेता की कमी भी महसूस की जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद के साथ रांची के विधायक सीपी सिंह एवं नीलकंठ सिंह मुंडा भी उपस्थित थे।

## टीडीएस से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियों से कराया गया अवगत

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के ऑफिसर्स क्लब में आयकर विभाग, बोकारो टीडीएस विभाग की ओर से कार्यशाला सह सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका संचालन आयकर निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने किया। जबकि उद्घाटन सीसीएल ढोरी क्षेत्र के वित्त प्रबंधक राजीव रंजन और क्षेत्रीय सुरक्षा प्रबंधक गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सेमियान के आयोजन का उद्देश्य टीडीएस-टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) के बारे में हितधारकों को विस्तृत जानकारी देना था। यहां आयकर अधिकारीयो ने टीडीएस/ टीसीएस सम्बंधित जानकारी दी। वार्ड 3(1) से आयकर अधिकारी दीपक कुमार ने टीडीएस की सही दरों पर चर्चा की और समय पर कर कटौती और जमा करने के महत्व पर के बारे में बताया। उन्होंने गलत जानकारी भरने पर करदाताओं के सामने आने वाली समस्याओं पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। बताया कि गलत जानकारी से व्यक्तिगत रिटर्न दाखिल करने में कठिनाई होती है। कटौतीकर्ताओं द्वारा कर की कटौती और भुगतान के बावजूद आयकर बकाया हो जाता है। आयकर अधिकारी, टीडीएस वार्ड के कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आयकर रिटर्न और आय पर टैक्स संग्रहण किस प्रकार किया जाता है। इसका राष्ट्र निर्माण में किस प्रकार उपयोग किया जाता है, इसके सबंधित जानकारी दी।

### श्री राम कथा के दूसरे दिन सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व मेयर और विधायक सहित हजारों लोगों ने सुनी राम कथा

# अत्यधिक प्रसन्नता और क्रोधित होने पर सावधान रहने की जरूरत, खुद का ही होता है नुकसान: श्री राजन जी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/धनसार।** बबुआ हमरा महाराज होइयहें हो, राजा भिराज होइयहें हो, है राजा जी हमरा रत्न में हीरा पोखराज होइयहें हो, सिरवा के ताज होइयहें हो, मुनि बाबा बबुआ अइसन ज्ञानी होइयहें, राजा जी अइसन दानी होइयहें। उक्त चौपाई रघुकुल परिवार की ओर से जियलगोड़ा स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय श्री रामकथा के दूसरे दिन गुरुवार को श्री राजन जी महाराज ने अयोध्या में श्री राम प्रभु के जन्म से लेकर मिथिला में माता सीता के साथ विवाह का वर्णन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दो अवसरों पर ज्यादा सावधान होने की आवश्यकता है एक ज्यादा प्रसन्न और दूसरा ज्यादा क्रोधित होने पर। दोनों में नुकसान खुद का ही होता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम के जन्म के बाद जब मुनि विश्वामित्र अयोध्या पहुंचे और राजा दशरथ से कहा कि आपसे कुछ मांगने आया हूं, तब राजा दशरथ ने उत्साह में कहा आपको कहने में देर है आप मांगिये। पर जब मुनि विश्वमित्र ने श्री राम और लक्ष्मण को असुरों के वध के लिए मांगा तो राजा दशरथ ने उन्हें मना कर दिया और कहा कि राम में दो शब्द हैं और भूमि, धन, गौ माता और प्राण में भी दो शब्द है इनमें आप कुछ भी मांग लीजिए यहां तक कि प्राण भी मांग लीजिए पर श्री राम और लक्ष्मण को मत मांगिये। लेकिन विश्वमित्र ने उन्हें समझाया कि इनका जन्म जनकल्याण के लिए ही हुआ है और जब तक आपके सभी पुत्र आश्रम में नहीं जाएंगे। तबतक जनकल्याण नहीं कर पाएंगे। उसके बाद चारों पुत्र आश्रम गए, वहां मुनी से अस्त्र-शस्त्र का ज्ञान प्राप्त किया।














रघुकुल परिवार की ओर से जियलगोड़ा स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय श्री रामकथा के दूसरे दिन श्री राजन जी महाराज की ओर से सुनाए जा रहे श्रीराम कथा में झूमते श्रद्धालुओं व कथा सुनते प्रबुद्ध लोग।

### सांसद-विधायक पहुंचे कथा सुनने

धनबाद के भआजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र पाण्डेय, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, मारवाडी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेंद्र पोद्दार, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष बलदेव पांडेय, हरीश जोशी, बीआईटी सिंदरी के निदेशक पंकज राय, यादव महासभा के अध्यक्ष आर एन सिंह, राजद के जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव, बाबू वीर कुंवर सिंह विचार मंच के सचिव ललन सिंह, राजपूत विचार मंच के महासचिव सुधीर प्रसाद सिंह, पूर्व पार्षद विक्रमा यादव, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, रामाधर यादव, संतोष महतो, सुधीर सिंह, यूथ कॉंग्रेस के अभिजीत राज, कुमार गौरव उर्फ सोनू, अनंत नाथ सिंह, भागीरथ पासवान, कृष्ण अग्रवाल, सबूर गोराई आदि कथा सुनने पहुंचे थे। सभी अतिथियों को श्री राम लिखित अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया।

### संगीतमय कथा के रस में झूमा रघुकुल परिवार

श्री राम कथा के दौरान जैसे ही श्री राम प्रभु का जन्म हुआ पूरा स्टेडियम श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होने लगी। श्रद्धालु भी दोनों हाथों को हवा में लहराकर झूमने को मजबूर हो गए। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, हर्ष सिंह सहित परिवार के कई सदस्य भी झूमने लगी उवस्थित श्रद्धालुओं पर अपने दोनों हाथों से पुष्प बरसाने लगीं। शंख की ध्वनि से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान रघुकुल परिवार के स्व नीरज सिंह की माता सरोजनी सिंह, हर्ष सिंह की माता पुष्पा सिंह, सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

# रहस्य बनी महुदा वाशरी से हुई 20 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी

### सवालों पर क्रोधित परियोजना पदाधिकारी 8-10 हजार की चोरी की बात कह पल्ला झाड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बीसीसीएल के महुदा वाशरी में विगत सोमवार की रात हुए कीमती लोह मशीनरी एवं स्क्रेप की चोरी के मामले पर प्रबंधन लिपापोती कर सलटाने के प्रयास में लगा हुआ है। महुदा वाशरी के पीओ राजेंद्र पासवान ने एक तरफ जहां चोरी की घटना की पुष्टी करते पुलिस को मामला देने की बात बतायी तो वहीं पुलिस सूत्रों से पता चला है कि आवेदन में त्रुटि के बाद, पुख्ता आवेदन नहीं मिला। सूत्रों का मानना है कि रहस्यमयी तरीके से महुदा वाशरी में हुई चोरी की यह घटना परियोजना पदाधिकारी के लिये गले की हड्डी बन गयी है। सवाल यह है कि चोरों ने जब वर्क सॉप के दरवाजे का ताला तोड़ दिया तो फिर घटना की त्वरित जानकारी मुख्य दरवाजे पोस्ट पर तैनात सीआईएसएफ या फिर लोकल पुलिस को क्यों नहीं दी गयी। इतना ही नहीं बिना किसी औपचारिक सूचना के परियोजना पदाधिकारी ने टूटे दरवाजे का वेल्डींग करा कर नया ताला कैसे जड़ दिया? आखिर इस प्रकार की कार्रवाई के पिछे की मंशा क्या हो सकती है? महुदा वाशरी में चोरी के इस बड़े वारदात के दो दिन बाद पीओ अपने वाशरी दफ्तर पहुंचे, घटना को लेकर आंतरिक गार्ड, अधिकारियों एवं सीआईएसएफ के जवानो से औपचारिक चर्चा की।



बताते चलें कि वर्षों से बंद पड़े महुदा वाशरी में वर्तमान में लगभग 150 कर्मी कार्यरत है। ऐसे हलात में प्रबंधन ने महिनों पूर्व से ही वाशरी की सुरक्षा में लगे लगभग तमाम सीआईएसएफ जवानों को हटा कर आंतरिक सुरक्षा गार्ड को बहाल कर रखा है। सूत्रों का मानना है कि बंद पड़े वाशरी की दयनीय आर्थिक दशा के बीच पदाधिकारी पसंदीदा कर्मियों के संग पिक एंड चूज तरीके से संडे ओटी का भी खेल खूब खेल रहे है। परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र पासवान महुदा वाशरी में हुई चोरी की घटना से संबंधित पत्रकारों के सवालों पर ही भड़क गये। घटना के दो दिन बीत जाने और फिर मामले को अपने ही अंदाज से निपटाने के असफल प्रयास के बीच मीडिया द्वारा सेंसर करने की पीड़ा ने उन्हें आपा खोने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने घटना की स्वीकारोक्ति में कहा कि वाशरी में चोरी हुई है, लेकिन चोरी गये संपत्ति का मूल्य 8-10 हजार रुपये के आसपास है। सवाल यह है कि घटना को 24 घंटों तक अनजान बनाये रखने के बाद प्रबंधन ने चोरी हुई संपत्ति का आंकड़ा और मूल्य का पैमाना कैसे तय किया? सूत्रों की मानें तो इस बाबत भी पीओ द्वारा संबंधित कर्मियों से वर्कसॉप के समानों की अन्य गुपचूप सिफ्टींग कराये जाने की खबर बतायी जा रहीं है।

# नयी परियोजना की शुरुआत व पुराने के विस्तार का हो रहा है प्रयास : सीएमडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का गुरुवार को निरीक्षण किया। सीएमडी श्रीरेड्डी, प्रभारी जीएम अमिताभ चौधरी के साथ क्षेत्र के कई अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने ढोरी के अधिकारियों से कोयला उत्पादन के संभावित स्थलों के बारे में जानकारी ली। वहीं, सुरक्षा की दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए कार्य के लिए पहल करने की बात कही। कहा कि कोयला उत्पादन के लिए जमीन की उपलब्धता को लेकर चुनौती काफी है। प्रभावित ग्राम के वासियों से बातचीत की प्रक्रिया चल रही है। ढोरी क्षेत्र वर्तमान में कोयला उत्पादन के लक्ष्य से पीछे चल रहा है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गति देने की जरूरत है। वहीं आउटसोर्सिंग सहित डिपार्टमेंटल में भी कोयला उत्पादन बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। 46 लाख टन उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से उन्होंने कार्य किए जाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा कि बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना में भी थोड़ी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। ब्लास्टिंग के लिए डीजीएमएस से पत्रचार किया गया है। इसमें जल्द ही एप्रुवल मिल जाने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया में कुल 30 हाइवल माइनिंग में शुरू होने वाला है। अबतक 3 हाइवल चालू है। इसमें ईसीएल में 2 और सीसीएल में एक संचालित है। वहीं, 6 हाइवल माइनिंग का आवर्डेड होने की बात कही। इस मौके पर विभागाध्यक्ष कार्मिक प्रतुल कुमार, परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार, शैलेश प्रसाद, आरएस सत्यार्थी, बैजनाथ कुमार, अनुज सिन्हा, आशीष अंचल आदि मौजूद थे।




## कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा।

### वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM-दलहन योजनान्तर्गत INM/IPM वितरण हेतु सूचना।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (वर्ष 2023–24) योजनान्तर्गत कोडरमा जिला में दलहन, तिलहन एवं न्यूट्री सीरियल फसलों के उत्पादन ए उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। इस कम में वर्ष 2023–24 में कोडरमा जिलान्तर्ग इच्छुक किसानों को अनुदानित दर पर निम्नलिखित INM/IPM वितरण हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।

| क0 सं0 | उपादान का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रू0में) | रकवा (हे0में) |
|---|---|---|---|
| **NFSM Pulses** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | Micro-nutrients | Rs 500/-per ha or 50% of cost whichever is less | 495 |
| 2 | Gypsum/80% WG Sulphur | Rs 750/-per ha or 50% of cost whichever is less | 365 |
| 3 | Lime | Rs 1000/-per ha or 50% of cost whichever is less | 330 |
| 4 | Bio Fertilizers | Rs 300/-per ha or 50% of cost whichever is less | 230 |
| **Integtated Pest Management (IPM)** | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemicals | Rs 500/-per ha or 50% of cost whichever is less | 295 |
| 2 | Weedicides | Rs 500/-per ha or 50% of cost whichever is less | 265 |
| **NFSM Oil Seeds** | | | |
| **Production Inputs (30%)** | | | |
| 1 | Distribution of Gypsum/pyrits/Liming/SSP,etc | Rs. 750/ha. | 200 |
| 2 | Sypply of Rhyzobium culture/PSB/ZSB/Azatobactor/Mycorrhiza culture | Rs. 300/ha. | 165 |
| 3 | PP Chemicals/Insecticides/biopesticides/ weedicies/bio agents/micronutrients | Rs. 500/ha. | 60 |
| 4 | Nuclear Polyhedrosis Virus (NPV) | Rs. 500/ha. | 35 |
| **NFSM Nutri Cereals** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | Lime/Dolomite | Rs. 500/ha. | 35 |
| 2 | Biofertilizer | Rs. 500/ha. | 35 |
| **Integtated Pest Management (IPM)** | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemicals | Rs. 500/ha. | 55 |
| 2 | Weedicides | Rs. 500/ha. | 15 |

कृषक अनुदानित दर पर INM/IPM प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आई0डी0 कार्ड आधार, पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि के सदस्य द्वा अनुशंसा पत्र) से अनुशंसित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैंक का नाम **IFSC Code** साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक को समर्पित करेंगे तथा INM/IPM अनुदानित दर पर प्राप्त करेंगे। आवेदन पत्र 15.11.202 तक प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

"पहले आओ, पहले पाओ, के आधार पर वितरण किया जायेगा"

नोट:– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर आत्मा कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, कोडरमा एवं प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकरी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक से कार्यालय (11:30 बजे से 2:30 बजे तक) में संपर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा।

PR 309905 Agriculture(23-24)D


### जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की दी जानकारी

# मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को: डीसी

**28-29 अक्टूबर एवं 4-5 नवंबर 2023 को विशेष शिविर का सभी मतदान केंद्रों पर आयोजन में मतदाताओं को शामिल होने की अपील**

### गोमिया, बेरमो, बोकारो एवं चंदनकियारी की जनसंख्या 22 लाख 60 हजार 778 है। इसमें मतदाताओं की संख्या 14 लाख, 36 हजार 389

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हत्ता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 का कार्यक्रम घोषित किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार एकीकृत मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन दिनांक 27 अक्टूबर 2023, दावे और आपत्ति दाखिल करने की तिथि- 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 को, दावे एवं आपत्ति का निराकरण 26 दिसंबर निर्धारित है। वहीं, मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी 2024 को होगा। इस दौरान मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान तिथि 28-29 अक्टूबर 2023 एवं 25-26 नवंबर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने बताया कि जिले के चार विधानसभा गोमिया, बेरमो, बोकारो एवं चंदनकियारी की जनसंख्या 22 लाख 60 हजार 778 है। इसमें मतदाताओं की संख्या 14 लाख, 36 हजार 389 है। मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य पूरे वर्ष चलता है। छह जनवरी से 26 अक्टूबर 2023 तक कुल 30 हजार 288 मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ा गया है। वहीं, 06 हजार 886 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने मतदाताओं को विशेष अभियान तिथि 28-29 अक्टूबर 2023 एवं 25-26 नवम्बर 2023 को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची देख कर अपने नाम/फोटो आदि की जांच करने का अपील किया है।



## न्यूज रील्स

### एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने पर ध्यान : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना के कमांडरों से बात की। इस दौरान उन्होंने वायुसेना से तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि इन बदलती स्थितियों के बीच सेनाओं को अपनी परिचालन से जुड़ी तैयारियां भी मजबूत रखनी होंगी।

### आजम का अजय राय से मिलने से इनकार

लखनऊ/सीतापुर। जेल में बंद आजम खान से मिलने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सीतापुर पहुंचे, मगर बिना मुलाकात ही उन्हें लौटना पड़ा। वह करीब 20 मिनट तक गेट के बाहर खड़े रहे। सूत्रों का कहना है कि आजम अहमद ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। जेलर अरविंद श्रीवास्तव बाहर आये और उनकी अजय राय से बातचीत की। अजय राय ने कहा कि जेल प्रशासन ने हमें अनुमति नहीं दी। इस दौरान अजय राय के समर्थकों ने जेल के बाहर सरकार विरोधी नारेबाजी की।

संकल्प यात्रा : बाघमारा में बाबूलाल मरांडी ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

# भाजपा सरकार जब्त करेगी भ्रष्ट अफसरों की संपत्ति: बाबूलाल

- हेमंत सरकार झारखंड के लुटेरों को दे रही है सुरक्षा
- व्यापारी वर्ग अपराधियों के निशाने पर





आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** संकल्प यात्रा के दौरान बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा में उपस्थित भारी भीड़ को देखते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा ने अब जन संकल्प यात्रा का रूप ले लिया है। लोगों का समर्थन और उत्साह बताता है कि हेमंत सरकार अब अपने अंतिम दौर में है। उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव-गरीबों की चिंता करते हैं। नौ वर्षों के कार्यकाल में केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री जो बोलते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबी को करीब से देखा है। मां-बहनों की कठिनाइयों को देखा है। इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने मां-बहनों को ध्यान में रखकर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण पैसे वालों के लिए किया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर एक-एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल-कारखाने बंद हुए, तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। किसानों के खाते में सीधे पैसे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं, किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं। अनाजों की चोरी करवाने वाले मुख्यमंत्री को हटाना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया, जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या, मोदी जी द्वारा भेजे जा रहे पैसों की भी बंदरबांट कर दी।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दी और 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है, जबकि कांग्रेस शासन में शहर वालों को ही मिलता था। आज गांव-गांव तक गैस पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लांच की। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइपेंड भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढ़ई, लोहार, मोची की चिंता की है। हमलोगों को मोदी जी की चिंता करनी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था चौपट हो गयी है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है, जबकि आम जनता खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। आम आदमी डरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अंचल ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसे देना पड़ रहा है। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए घुस देना पड़ता है। हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सरकार में बालू पर टैक्स नहीं लगता था। हेमंत सरकार ने बालू घाट दिल्ली-मुंबई वालों को दे दिया। पुलिस अफसरों का गठजोड़ झारखंड को लूटने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले छह महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है, जिनमें से नौ व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी। इसके बावजूद सुरक्षा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मांगने के बावजूद नहीं मिलना सरकार की नीतियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में जांच नहीं हुई, तो भाजपा सरकार बनने पर जांच करायेगी और ज़िम्मेवार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार बालू, कोयला, पत्थर, जमीन लूटने वाले, भ्रष्ट अधिकारियों, दलालों, बिचौलियों को सुरक्षा मुहैया करवा रही है, जबकि व्यापारियों की हत्या हो रही है। व्यापारी मारे जा रहे हैं।

मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर झारखंड को लूटने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को ढूंढ़ कर कार्रवाई की जायेगी। कानून बनाकर जितनी भी अवैध दौलत है, उनको जब्त कर सरकारी काम में लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अफसर यदि यह सोच रहे हैं कि लूट कर पैसा पचा लेंगे, तो गलतफहमी निकाल लें। उन्होंने कहा कि मोदी जी के पिछले नौ वर्षों के कार्यकाल में इडी-सीबीआइ ने एक लाख करोड़ भ्रष्टाचार के जब्त किये हैं। झारखंड के भ्रष्टाचारी सचेत हो जायें। जहां कहीं दौलत छुपा कर रखेंगे, उसे हम निकलवा देंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कारण भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। हेमंत सोरेन भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में लगे हैं। इडी ने दर्जनों बार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर को लिखा, किंतु हेमंत ने फाइल को दबा रखा है। उन्होंने कहा कि जो परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते हैं, उनसे झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता है। हेमंत सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के साथ खड़ी है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जब से कहा है न खायेंगे, न खाने देंगे, इससे विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो गांव,

## मनसाडीह मंडल भाजपा की बैठक में शामिल हुए लक्ष्मण सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** लोकसभा और विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर गुरुवार को भाजपा मनसाडीह मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक चट्टी में गुरुचरण नायक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाग लिया। इस क्रम में कार्यकर्ताओं को चुनाव कार्य के तहत जाति-धर्म से ऊपर उठकर जनसंपर्क में जुट जाने का निर्देश दिया गया। लोगों को पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए देश के विकास और विदेशों में बढ़े मैन-सम्मान से अवगत कराने तथा आम गरीब,मजदूर,किसान के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने की अपील की गयी। बैठक में आइटी सेल प्रभारी विवेक विकास, जिला मंत्री पवन साव, राष्ट्रीय हिंदू सभा उपाध्यक्ष सीताराम शरण, मंडल सचिव छत्रधारी वार्ना, राजू गोस्वामी, भगीरथ रजक, कालेश्वर राय, रामावतार, हरिहर कुमार, रामदेव साव, निरंजन साव आदि ने भाग लिया।

## लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने महुआ को 31 को बुलाया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में 31 अक्टूबर को बुलाया है। एथिक्स कमेटी के चीफ विनोद के सोनकर ने यह जानकारी दी। इसके पहले गुरुवार को लोकसभा की एथिक्स कमेटी की सुनवाई हुई। महुआ के वकील जय अनंत देहाद्राई एथिक्स कमेटी के सवालों का जवाब देने पहुंचे। उधर, जय अनंत के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी कमेटी के सामने पेश हुए।











































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**